

नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी



◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 259 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

पेज -4 पर स्वामी आत्मानंद स्कूल के लिए चयनित संविदा शिक्षकों को कलेक्टर ने ....

धरमजयगढ़, शुक्रवार 14 जुलाई 2023

सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस अब क्षेत्रीय पार्टी बनने की ओर अग्रसर-गोमती साय पेज -8 पर

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

## मंत्री पद मिलते ही सीएम हाउस पहुंचे मरकाम, सोशल मीडिया में लिखा- तैयार हैं हम

रायपुर। मंत्री पद मिलने की खुशी में मोहन मरकाम आज शाम मुख्यमंत्री निवास पहुंच कर सीएम भूपेश बघेल से भेंट की। मरकाम ने कैबिनेट में शामिल करने के लिए सीएम का आभार जताया।



मरकाम ने कहा कि जन-जन के प्रिय, छत्तीसगढ़ को दुनिया भर में मॉडल के रूप में स्थापित करने वाले, देश के नंबर 1 मुख्यमंत्री यशस्वी भूपेश बघेल जी का मुझे मंत्रिमंडल में शामिल करने के लिए हार्दिक आभार। नवा छत्तीसगढ़ की इस यात्रा में अब नई भूमिका में जनसेवा करने का अवसर मेरे लिए सौभाग्य का विषय है। इस अहम जिम्मेदारी की घोषणा के उपरांत आज यशस्वी मुख्यमंत्री जी से मिलकर धन्यवाद ज्ञापित किया।

एक दिन पहले पीसीसी चीफ के पद से हटाए गए मरकाम को राज्य कैबिनेट में शामिल किया जा रहा है। कल सुबह साढ़े 11 बजे राजभवन में मंत्री पद की शपथ लेंगे। मरकाम को कैबिनेट में शामिल करने के लिए शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम से इस्तीफा ले लिया गया है।

## पंडवानी गायिका पद्म विभूषण तीजन बाई की बिगड़ी तबीयत

### छॉलीवुड कलाकरों ने लगाई सीएम बघेल से गुहार

दुर्ग। पंडवानी गायिका पद्म विभूषण तीजन बाई की अचानक तबीयत बिगड़ गई है. तीजन बाई को लकवे की शिकायत है. छॉलीवुड कलाकरों ने सीएम बघेल से गुहार लगाई है. तीजन बाई का सेक्टर 9 हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था.



बड़े पुत्र शत्रुघन पारधी की मौत के बाद से तीजन बाई काफी दुखी थी. अब घर पर ही इलाज करा रहीं हैं. अब तक जिला प्रशासन का एक भी जिम्मेदार अधिकरी मिलने नहीं पहुंचे. 68 वर्षीया तीजन बाई पदम् श्री पद्मभूषण और पदम् विभूषण, संगीत नाट्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित है. देश ही नहीं विदेशों में पंडवानी गायन में छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाने वाली तीजन बाई ने 200 से अधिक छात्राओं को पंडवानी की ट्रेनिंग दी है.

### इस्तीफे पर सियासी अटैक

## कांग्रेस में हिटलरशाही एकला चलो की नीति, विधानसभा चुनाव में सत्ता परिवर्तन का संकेत- नेता प्रतिपक्ष चंदेल



**रायपुर।** शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह के इस्तीफे के बाद सियासी बयानबाजी तेज हो गई है. इस मामले को लेकर नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने तंज कसते हुए कहा, आने वाले विधानसभा चुनाव में सत्ता परिवर्तन का संकेत है. कांग्रेस की विदाई और भारतीय जनता पार्टी की सत्ता में वापसी होना तय है. आगे नारायण चंदेल ने कहा, कांग्रेस पार्टी में भारी गुटबाजी सड़कों पर देखने को मिल रही है. छत्तीसगढ़ में सरकार के मंत्रियों से इस्तीफा लिया जा रहा है. उनको इस्तीफा देने के लिए बाध्य किया जा रहा है. यह इस बात का संकेत है कि, कांग्रेस किन हालातों से गुजर रही है. कांग्रेस में हिटलरशाही एकला चलो की नीति है.

### एक नजर

## बेबीलॉन केपिटल की दुकानों की खरीदी- बिक्री पर रेरा ने लगाई रोक



रायपुर। छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण द्वारा भू-संपदा ( विनियमन और विकास) अधिनियम 2016 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए धारा 36 एवं 37 के तहत् रियल एस्टेट प्रोजेक्ट ''बेबीलॉन केपिटल'' तेलीबंधा रायपुर के प्रोजेक्ट में दुकानों के क्रय-विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है। गौरतलब है कि भू-संपदा (विनियमन और विकास) अधिनियम, 2016 की धारा-3 (1) में वर्णित प्रावधानों के तहत रेरा में पंजीयन किये बिना प्रमोटर द्वारा किसी भी रियल एस्टेट प्रोजेक्ट में यथास्थित भू-खण्ड, अपार्टमेंट या भवन आदि को किसी भी रीति में विज्ञापित विपणित, बुक, विक्रय या विक्रय करने की प्रस्थापना अथवा क्रय के लिए व्यक्तियों को आमंत्रित नहीं किया जा सकता है।

### अनाधिकृत निर्माणों को नियमित कराने एक माह बढ़ी अवधि

**रायपुर।** जिले में घरों और प्लाटों पर अनाधिकृत तरीके से बनाएं गये भाग का नियमितिकरण कराने की अवधि एक महीने बढ़ा दी गई है। अपने अनाधिकृत निर्माण को नियमित कराने के लिए अब 12 अगस्त तक आवेदन लिए जाएंगे। जिले में अनाधिकृत निर्माणों का नियमितिकरण तेजी से किया जा रहा है।

## कानफोडू साइलेंसर वाले बाइक से स्टंट करने वालों को अभयदान, जिम्मेदारों की कार्यशैली पर सवाल

जोहार छत्तीसगढ़- धरमजयगढ़।



शहर में इन दिनों हवा की गति से बाइक चलाने वाले युवाओं को आसानी से देखा जा सकता है। उनके लिए समय की कोई बंदिश नहीं है। ऐसे युवक दिन हो या रात किसी भी समय कान फ ड़ू आवाज वाले साइलेंसर युक्त बाइक से फर्राटे भरते नजर आ जाते हैं। नियम कानून को ठेंगा दिखाना मानों उनके बाएं हाथ का खेल है। वहीऐसे संस्कारी बाइकर्स को लेकर स्थानीय पुलिस का रवैया अब तक न्यूट्रल रहा है। यानी कर्णभेदी आवाज के साथ बाइक पर स्टंट करने वाले युवाओं को अभयदान मिला हुआ है। ऐसा नहीं है कि अन्य जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी जानकारी प्राप्त नहीं हुई है। उसके बावजूद ऐसे बाइक सवारों के खिलाफ किसी भी प्रकार की कार्रवाई तो दूर पुलिस एक एडवाइजरी भी जारी करने की स्थिति में नजर नहीं आती है। इस प्रकार ऐसे बाइक चालकों के कारण ध्वनि प्रदूषण फैलने के साथ-साथ दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। बीते कुछ समय में तेज व लापरवाही पूर्वक बाइक चलाने के कारण सड़क दुर्घटना भी सामने आई है। यह आश्चर्यजनक है कि एक ओर सड़क की खराब हालत को लेकर ग्रामीणों द्वारा विभिन्न आंदोलन व सोशल मीडिया पर नाराजगी जाहिर की जाती रही है। वहीं इसके उलट शहरी क्षेत्र में कुछ स्थानीय युवक हर दिन बाइक से स्टंट करते रहते हैं। जिसके कारण आम लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### ग्राम पंचायत बिर्रा एवं बम्हनीडीह को नगर पंचायत बनाने की घोषणा

## समर्थन मूल्य पर 20 क्विंटल धान प्रति एकड़ खरीदी का निर्णय: मुख्यमंत्री

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जांजगीर चांपा जिले के ब्रम्हनडीह विकासखंड के ग्राम बिर्रा के दशहरा मैदान में आयोजित जिला साहू संघ के शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह में शामिल हुए। उन्होंने छत्तीसगढ़ महतारी, भक्त माता कर्मा की पूजा-अर्चना की तथा समाज के पूर्वजों को श्रद्धासुमन अर्पित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया।



श्री बघेल ने सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए ग्राम पंचायत बिर्रा एवं बम्हनीडीह को नगर पंचायत बनाने की घोषणा की है। इसके साथ ही उन्होंने ग्राम पंचायत बिर्रा में ही नवीन स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल खोलने, नवीन सामुदायिक भवन बनाने, बिजली विभाग का जूनियर इंजीनियर कार्यालय खोलने को स्वीकृति प्रदान की है। ग्रामीणों की मांग को देखते हुए मुख्यमंत्री ने हसदेव नदी पर बम्हनीडीह से दहिदा सड़क पल निर्माण की स्वीकृति भी प्रदान की। श्री बघेल ने कार्यक्रम में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारी सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से कार्य कर रही है।

**हसदेव नदी पर बम्हनीडीह से दहिदा सड़क पल निर्माण को प्रदान की स्वीकृति**

## एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शाहिद बर्खास्त

### पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने जारी किया आदेश

**रायपुर।** कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ शाहिद अली की सेवा समाप्त कर दी गई है। गुरुवार को उनकी सेवा समाप्ति का आदेश कुलसचिव डॉ. चंद्रशेखर ओझा ने जारी कर दिया है। जारी किए गए आदेश में लिखा गया है कि छत्तीसगढ़ लोक आयोग की अनुशंसा पर उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों से गठित सूक्ष्म जांच समिति की रिपोर्ट और विश्वविद्यालय के 58वीं कार्य परिषद की आपात बैठक के बाद यह फैसला लिया गया है। यूनिवर्सिटी के कुलपति बलदेव भाई शर्मा के निर्देशों पर यह आदेश जारी करते हुए डॉक्टर शाहिद अली की सेवा खत्म कर दी गई है। इस मामले पर डॉक्टर शाहिद अली ने कहा कि मैंने यूनिवर्सिटी के कुलपति बलदेवभाई शर्मा के खिलाफ अदालत में याचिका दायर की थी। बलदेव भाई शर्मा प्रोफ़ेसर नहीं है और अयोग्य के होने के बावजूद यूनिवर्सिटी के कुलपति बनाए गए, इस वजह से मुझ पर यह कार्रवाई की गई है।




## भाठागांव - रिंग रोड स्थित शराब दुकान बंद करने की मांग, एक दिवसीय उपवास

**रायपुर।** सत्यमेव जयते फाउंडेशन के द्वारा 13 जुलाई गुरुवार को भाठागांव रिंग रोड कुशालपुर मार्ग में स्थित शराब दुकान को बंद करने की मांग को लेकर एक दिवसीय सत्याग्रह / उपवास किया जाएगा ।

सत्यमेव जयते फाउंडेशन के सुरेश बाफना और मुकुंद कागदेलवार ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए बताया कि कल सुबह 11ः00 से शराब दुकान के पास एक दिवसीय सत्याग्रह ‌ उपवास कर शराब दुकान बंद करने के लिए प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करते हुए जन जागरण किया जाएगा । पूर्व में शराब दुकान बंद करने की मांग को लेकर कलेक्टर और आबकारी विभाग के अधिकारियों से भेंटकर ज्ञापन दिए गए थे । शराब दुकान में चलने वाले अवैध अहाते के कारण इस क्षेत्र में वातावरण अशांत हो जाता है शाम के समय महिलाओं का क्षेत्र से गुजरना मुश्किल होता है ।



### सौ दिन के लिए मंत्री बनाकर मरकाम को झुनझुना थमा रहे हैं

## कर्मचारियों की मांगें भाजपा पूरी करेगी-डॉ रमन सिंह



**रायपुर।** प्रदेश भर के संविदा कर्मचारियों ने नवा रायपुर स्थित तूता धरना स्थल पर नियमितीकरण की मांग पर सामूहिक इस्तीफा देने का मन बना लिया है। संविदा कर्मचारियों का समर्थन करने के लिए पूर्व सीएम डा.रमन सिंह और प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी तूता धरना स्थल पहुंचे।

2 दिन पहले कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों ने कहा था कि, आने वाले दिनों में जेल भरो आंदोलन करेंगे और अब इस्तीफा देने की बात कह रहे हैं। कर्मचारियों की मांग है कि, जो भी जिस विभाग में काम कर रहा है...उन्हें नियमित किया जाए। कांग्रेस की 15 दिन के अंदर दो कैबिनेट बैठक हुई। जिसमें कार्मचारियों के नियमितीकरण को लेकर फैसला लिया जाना था।

### छत्तीसगढ़ के 4 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

## उमस भरी गर्मी से मिलेगी राहत, पूरे प्रदेश में 16 जुलाई से फिर बरसेंगे बादल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में 6 दिनों तक मानसून पर ब्रेक लगने के बाद फिर से बारिश की संभावना जताई गई है। प्रदेश के कुछ जिलों में पिछले तीन दिनों से उमस वाली गर्मी से अब राहत मिलने वाली है। मौसम विभाग ने राजनांदगांव, कांकेर, नारायणपुर, बीजापुर में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है, जबकि प्रदेश के बाकी हिस्सों में 16 जुलाई से अच्छी बारिश के आसार हैं।

मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा ने बताया कि पश्चिमी हवाएं लगातार पर्याप्त गहराई से आ रही हैं और बादल बन रहे हैं, जिससे प्रदेश में बारिश हो रही है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक गौरेला पेंड्रा मरवाही, बिलासपुर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा, बस्तर में आने वाले 24 घंटों के दौरान बारिश हो सकती है। आज कोरिया, गौरला पेंड्रा मरवाही, बिलासपुर, मुंगेली, कबीरधाम, कांकेर, कोंडागांव, नारायणपुर, बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा, बस्तर में बारिश की संभावना जताई गई है।



### उमस ने किया बेहाल

बुधवार को प्रदेश के ज्यादातर जिलों में आसमान साफ रहा और तेज धूप रही, हालांकि कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश जरूर हुई है। लेकिन बारिश के बाद फिर से धूप निकल गया। जिससे लोगों को उमस परेशान करने लगी। 12 जुलाई को प्रदेश में सबसे गर्म बलरामपुर जिला रहा यहां 34.9 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया है। रायगढ़ 34.3, जांजगीर में 33.9, मुंगेली 33, बिलासपुर 32.4 और राजधानी रायपुर में 32.5 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा।

### अगले 24 घंटे कैसा रहेगा मौसम

*मौसम विभाग के मुताबिक मानसून द्रोणिका मध्य समुद्र तल पर बीकानेर, ग्वालियर, सीधी, गया, बालुरघाट और उसके बाद उत्तर-पूर्व की और अरुणाचल प्रदेश तक स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर तटीय आंध्र प्रदेश के ऊपर 311 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है। प्रदेश में आज कई जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश होने या फिर गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो जगहों पर गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की भी संभावना है।*

## प्रेमसाय सिंह टेकाम ने दिया मंत्री पद से इस्तीफा, मरकाम को मिलेगी मंत्रिमंडल में जगह

### आज लेंगे शपथ, दिल्ली में छत्तीसगढ़ कांग्रेस नेताओं की बड़ी बैठक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। इधर मोहन मरकाम को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के पद से हटाए जाने के बाद उन्हें कैबिनेट में जगह दी जा रही है। शुक्रवार यानि आज वह मंत्री पद की शपथ लेंगे। इसके साथ ही धनेन्द्र साहू को भी मंत्री बनाया जा सकता है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी संकेत दिए हैं। मरकाम और धनेन्द्र साहू के अलावा भी एक और नेता को मंत्री बनाए जाने की चर्चा है। जो सत्यनारायण शर्मा हो सकते हैं हालांकि अभी ये केवल चर्चाएं ही हैं।

इस्तीफा देने के बाद शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम ने कहा है कि, मंत्रिमंडल में किसे कहां जगह देनी है, ये मुख्यमंत्री तय करते हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कहने पर इस्तीफा दिया हूं। उन्होंने कहा था कि, AICC की तरफ से निर्देश है कि, आपको इस्तीफा देना है। इसलिए इस्तीफा दिया हूं। संगठन में रहकर काम करता रहूंगा। चुनाव के 4 महीने पहले इस तरह के फेरबदल और प्रदेश अध्यक्ष बदलने को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि संगठन में लोगों को अलग-अलग जिम्मेदारी मिलती रहती है। मोहन मरकाम का कार्यकाल समाप्त हो चुका था। सभी प्रदेशों में बदलाव हो रहे हैं और रायपुर महाअधिवेशन में पारित हुआ था कि 50% जो सीटे हैं, वह 50 साल के कम उम्र वालों को मिलनी चाहिए। हमारे यहां शुरुआत हो रही है दीपक बैज अभी मुश्किल से 42 के हैं।



नौजवान को प्रदेश कांग्रेस कमेटी का कमान सौंपा गया है उनको बधाई शुभकामनाएं सभी कांग्रेसियों में हर्ष का माहौल है। सीएम भूपेश ने कहा कि आगामी चुनाव में इसका अच्छा प्रभाव पड़ेगा। बता दें कि टीएस सिंहदेव को डिप्टी सीएम बनाने और मोहन मरकाम को प्रदेश अध्यक्ष के पद की जगह दूसरी जिम्मेदारी देने का फैसला दिल्ली में हुई बैठक में लिया गया था हालांकि ये फैसले बारी-बारी से जारी किए जा रहे हैं और अब संगठन से हटाने के बाद मरकाम को सत्ता में जगह देने की तैयारी चल रही है।

### कांग्रेस नेताओं की दिल्ली में बड़ी बैठक

*छत्तीसगढ़ कांग्रेस नेताओं की दिल्ली में होने वाली बैठक AICC के महासचिव केसी वेणुगोपाल और जयराम रमेश लेंगे। शाम 4 बजे AICC दफ्तर में बैठक होगी, जिसमें मीडिया और संचार माध्यमों को लेकर चर्चा होगी। बैठक में PCC चीफ दीपक बैज, प्रदेश प्रभारी कुमारी सेलजा शामिल होंगी। साथ ही संचार विभाग प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला, CM के राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा और IT सेल प्रमुख जयवर्धन बिस्सा भी मौजूद रहेंगे।*

## मध्य प्रदेश पेशाब कांड

# 'वो मैं नहीं'... तो फिर असली दशमत रावत कौन?

प्रसिद्ध मराठी नाटककार लेखक आचार्य अत्रे का एक मशहूर नाटक है 'तो मी नव्हेच' यानी मैं वो नहीं। मध्यप्रदेश की बदनामी करने वाले सीधी पेशाब कांड से चर्चा में आए पीड़ित आदिवासी दशमत रावत को लेकर जो नया वीडियो वॉर छिड़ा है, उसमें भी बात यही उठ रही है कि अगर 'वो मैं नहीं तो फिर असली 'वो' कौन है, जिस पर एक उन्मत्त सवर्ण ने पेशाब कर इंसानियत को तार-तार किया?

क्या असली पीड़ित अभी भी लापता है? अगर 'वो' लापता है तो जिसके चरण पखारे गए, वो मुख्यमंत्री निवास कैसे और किसके जरिए पहुंचा? और यदि सब कुछ ठीक है तो 'वो मैं नहीं' का पेंच क्यों फंसा? दरअसल सीधी के पेशाब कांड के राजनीतिक नफे-नुकसान से परे इस बेहद शर्मनाक प्रकरण में नए मोड़ आते जा रहे हैं।

हर सभ्य इंसान को उद्वेलित करने वाले कांड में एक समांतर वीडियो वॉर भी जारी है। पेशाब कांड के पीड़ित आदिवासी दशमत रावत ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा उसके पैर पखारे जाने के बाद कथित तौर पर बयान दिया कि इस कांड के वीडियो में जो दशमत दिखा है, वह मैं नहीं हूं। लेकिन इसके कुछ ही घंटे बाद एक और वीडियो वायरल हुआ कि जी, हां जातीय नफरत का मारा मैं ही वो दशमत हूं। अगर वीडियो में दिखा दशमत भी बाद वाला दशमत ही है तो उसने भ्रमित करने वाला बयान क्यों दिया?

### असली दशमत कौन? यह अब भी रहस्य

अब सही क्या है, यह अभी भी रहस्य है, जो या तो उस पीड़ित आदिवासी दशमत को पता है या सरकारी हशमत को? जिस तरह और जिस मकसद से दो साल पहले शूट हुआ यह वीडियो चुनावी चौपाल के मंगलाचरण में वायरल हुआ, वह कई सवाल खड़े करता है। इस पूरे मामले में निकृष्ट मानसिकता की पराकाष्ठा तो है ही, साथ में मानवीय संवेदना का मखौल, ब्लैकमेलिंग और राज्य में चुनाव के मुहाने पर इसके वायरल होने के पीछे की नीयत भी है।

अव्वल तो कोई भी व्यक्ति, किसी पर पेशाब करे, फिर चाहे वह किसी जाति धर्म का क्यों न हो, इससे ज्यादा घिनौना कृत्य कल्पनातीत है। क्योंकि इसमें क्रूरता भले न हो, मानवीय गरिमा को रौंदने का पैशाचिक जरूर भाव निहित है। दूसरे, मप्र के सीधी के कुबरी बाजार पेशाब कांड में 'तत्काल न्याय' की सोच से संभावित सियासी नुकसान पर फिल्टर लगाने और मानवीय गरिमा को बचाने की कोशिशें जरूर हुई, लेकिन इसके कई पहलू अभी शंका के घेरे में हैं। वायरल वीडियो पर भरोसा करें तो उसमें भाजपा ( बाद में इसका खंडन किया गया) का वह जाति से ब्राह्मण कार्यकर्ता, एक निरीह और निर्विकार से लगने वाले आदिवासी युवा पर पेशाब कर रहा है, लेकिन पीड़ित युवक के शरीर में कोई हलचल या विरोध होता नहीं दिखता। वरना आदिवासी ही क्यों, कोई भी व्यक्ति ऐसी पाशविकता पर तुरंत अपने ढंग से रिएक्ट करेगा और करना भी चाहिए।



सवाल यह है कि अगर वीडियो में दिख रहा व्यक्ति पीड़ित दशमत नहीं था तो सीएम हाउस में सम्मानित हुआ दशमत कौन है? अगर ये 'वो' दशमत नहीं है तो असली दशमत कौन है और अब वो कहां है? वह खुद न्याय मांगने सामने क्यों नहीं आ रहा है या फिर उसे आने नहीं दिया जा रहा है? असली पीड़ित युवक का नाम दशमत ही है या कुछ और

पीड़ित का उस वक्त रिएक्ट न करना दो ही स्थितियों में संभव है या तो वह भारी नशे में हो या फिर विक्षिप्त हो, जिसकी सामान्य संवेदनाएं भी सुप्त हो गई हों। उसे एहसास ही न हो कि उसके साथ जो हो रहा है, वह मानवता का शायद सबसे बड़ा पाप है। जिस आदिवासी युवक पर जातीय और सत्ता के अहंकार में उच्च वर्णीय युवक ने पेशाब की वह 'दशमत' ही है, यह हमें प्रशासन ने बताया और इसका आधार स्थानीय लोगों से मिला फीडबैक रहा होगा।

जबकि मीडिया की जांच रिपोर्टों में यह भी सामने आ रहा है कि इस वायरल वीडियो को बनाने के पीछे राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता और एक दूसरे को ब्लैकमेल करने की नीयत भी थी, जिसमें इंसानियत का चीरहरण हुआ।

अब सवाल यह है कि अगर वीडियो में दिख रहा व्यक्ति पीड़ित दशमत नहीं था तो सीएम हाउस में सम्मानित हुआ दशमत कौन है? अगर ये 'वो' दशमत नहीं है तो असली दशमत कौन है? और अब वो कहां है? वह खुद न्याय मांगने सामने क्यों नहीं आ रहा है या फिर उसे आने नहीं दिया जा रहा है? असली पीड़ित युवक का नाम दशमत ही है या कुछ और?

एक बात और, जब पेशाब कांड का वीडियो वायरल हुआ तो एक बात कही गई थी कि जिस पर पेशाब की गई, वह युवक विक्षिप्त है। शुरुआत में इसे इस बुनियाद पर सही माना गया कि थोड़ी सी भी चेतना रखने वाला कोई इंसान उस पर पेशाब करने वाले को कुछ तो सबक सिखाता। कम से कम अपनी आबरू बचाने भागता तो सही। वरना कोई खुद पर किसी को पेशाब करने की इजाजत कैसे दे सकता है?

दूसरी बात, वायरल हुए पहले वीडियो में पीड़ित युवक का हुलिया भी सामने आए दशमत से अलग दिखता है। मुख्यमंत्री निवास में जो दशमत दिखा, वो पूरे होशोहवास में और एक सामान्य सभ्य नागरिक की तरह पेश आ रहा था। साथ वो प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री द्वारा उसके चरण धोने से हतप्रभ भी था। लेकिन जब उसी दशमत से यह पूछा गया कि उस पर पेशाब करने वाले पर वह किस तरह की कार्रवाई चाहता है तो दशमत ने जवाब दिया कि वह कोई कार्रवाई नहीं चाहता।

**- अजय बोकिल**

## संपादकीय

### इरादा बुलंद है, लेकिन

इतिहास यह है कि मुद्रा की ताकत संबंधित देश की अंदरूनी अर्थव्यवस्था की ताकत से तय होती है। इसीलिए अगर भारत को अपने इरादे को सच में बदलना है, तो उसे पहले इस मामले में सशक्त होने के लिए काम करना चाहिए।

इस खबर से स्वाभाविक हलचल मची कि कच्चा तेल खरीदने के बदले कई भारतीय कंपनियां रूस को चीन की मुद्रा युवान में भुगतान कर रही हैं। बाद में एक मीडिया रिपोर्ट में यह आंकड़ा सामने आया कि कम से कम ऐसा दस प्रतिशत भुगतान युवान में हुआ है। इस तरह भारत भी इस समय दुनिया में चल रही मौद्रिक हलचल के बीच चीनी मुद्रा को मजबूत करने में सहायक बन गया है। इसी बीच भारतीय रिजर्व बैंक ने यह खबर फिर से उछाली भारत ने अनेक देशों के साथ अपनी मुद्राओं में भुगतान करने का करार कर लिया है और इसके लिए जरूरी बैंकिंग सिस्टम भी बना लिया गया है। उधर विदेश मंत्री एस जयशंकर से पिछले दिनों जब ब्रिक्स की प्रस्तावित अपनी करेंसी के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने इसकी संभावना से सिरे से इनकार करते हुए कहा कि भारत का इरादा अपने रुपये को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा बनाने का है। कहा जा सकता है कि यह इरादा प्रशंसनीय है और भारत अगर भविष्य में महाशक्ति बनना चाहता है, उसे ऐसी महत्त्वाकांक्षा अवश्य रखनी चाहिए। मगर फिलहाल हकीकत इस महत्त्वाकांक्षा से मेल नहीं खाती। 20 से ज्यादा देशों के साथ आपसी मुद्रा में लेन-देन का करार कई महीने पहले हो चुका था।

# लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा की तैयारी तेज, यूपी में पार्टी के कई सांसदों की उम्मीदवारी खतरे में

*उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव की तैयारी में बीजेपी सबसे आगे चल रही है। वह सब कुछ ठोक-बजा कर प्रत्याशियों का फैसला करने के लिए जमीन से लेकर बंद कमरों तक में रणनीति बना रही है। टिकट बांटते समय तमाम बातों का ध्यान रखा जायेगा, लेकिन अबकी से प्रत्याशियों का चयन करते समय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भी अहम भूमिका रहेगी, जो 2019 के लोकसभा चुनाव में नहीं दिखाई दी थी।*

इसकी वजह यह है कि बीजेपी ने उत्तर प्रदेश के 2017 के विधान सभा चुनाव मोदी का चेहरा आगे करके जीता था और चुनाव नतीजे आने के बाद योगी आदित्यनाथ को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठाया गया था, इसलिए 2019 के लोकसभा चुनाव के समय टिकट बंटवारे में न उनसे राय ली गई थी और न ही उन्होंने इसमें दखलंदाजी की थी, लेकिन 2022 का विधानसभा चुनाव बीजेपी ने योगी को आगे करके लड़ा था और उम्मीद से कहीं अधिक अच्छा प्रदर्शन पार्टी का रहा था, जिसके बाद पार्टी के भीतर योगी का कद काफी बढ़ गया था, इसी के चलते अबकी से टिकट बंटवारे के समय योगी को आलाकमान अनदेखा नहीं कर पाएगा। खासकर पूर्वांचल में योगी की पसंद नापसंद का ज्यादा ख्याल रखा जा सकता है। यानी उनका सिक्का भी चलेगा। ऐसा इसलिए भी है क्योंकि आज की तारीख में पार्टी के भीतर योगी का कद प्रधानमंत्री मोदी के बाद नंबर दो का समझा जाने लगा है। वह न केवल दमदार तरीके से सरकार चला रहे हैं, बल्कि कई राज्यों के चुनाव प्रचार में वह पार्टी के लिए तुरूप का इक्का भी साबित हो चुके हैं। भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश में लोकसभा प्रत्याशियों के लिए नामों पर चर्चा शुरू कर दी है। यह चर्चा सार्वजनिक रूप से तो नहीं हो रही है, लेकिन अंदर खाने से जो खबर छन कर आ रही है, उससे ऐसा लगता है कि बीजेपी आलाकमान ने यह तय कर लिया है कि इस बार किस निवर्तमान सांसद का टिकट नहीं देना है। कुछ प्रत्याशी तो उम्रदराज होने के कारण चुनावी रेस से बाहर होते दिख रहें हैं, वहीं कुछ आलाकमान की कसौटी पर खरे नहीं उतर रहे हैं। यह वह सांसद हैं जहां से 2022 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा था या फिर पार्टी पर आई किसी मुसीबत की घड़ी के समय जनता के बीच इनका प्रभाव काफी कम या नहीं के बराबर देखने को मिला था। इसे उदाहरण से समझा जाए तो जब किसानों ने नये कृषि कानून के खिलाफ दिल्ली में आंदोलन किया तो भारतीय किसान यूनियन के नेता चौधरी राकेश टिकैत के आह्वान पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश से बड़ी संख्या में किसान आंदोलन में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे थे, जबकि आलाकमान चाहता था कि पश्चिमी यूपी के बीजेपी नेता और सांसद-विधायक अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए यहां के आंदोलनकारी किसानों को दिल्ली कूच नहीं करने के लिए मनाएं। इसी प्रकार लखीमपुर-खीरी में भी जब केन्द्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी के बेटे ने वहां कृषि कानून के खिलाफ आंदोलन कर रहे किसानों के ऊपर अपनी गाड़ी चढ़ा दी थी, तब भी वहां के स्थानीय सांसद और केन्द्रीय मंत्री टेनी का व्यवहार बहुत गैर-जिम्मेदाराना और बयानबाजी काफी घटिया स्तर की रही थी, जिससे मोदी सरकार की काफी फजीहत हुई थी, इसीलिए बीजेपी आलाकमान को रालोद मुखिया जयंत चौधरी रास आने लगे हैं। जयंत चौधरी यदि बीजेपी के साथ कंधे से कंधा मिलाते हैं तो पश्चिमी यूपी की करीब 20 सीटों का सियासी समीकरण बीजेपी के पक्ष में हो सकता है।



भाजपा ने उत्तर प्रदेश में लोकसभा प्रत्याशियों के लिए नामों पर चर्चा शुरू कर दी है। यह चर्चा सार्वजनिक रूप से तो नहीं हो रही है, लेकिन अंदर खाने से जो खबर छन कर आ रही है, उससे ऐसा लगता है कि पार्टी ने यह तय कर लिया है कि इस बार किस निवर्तमान सांसद का टिकट नहीं देना है।

अजय कुमार

## मिला जुला

### एक नजर

#### ग्रेटर नोएडा के गैलेक्सी प्लाजा में लगी भीषण आग, जान बचाने के लिए तीसरी मंजिल से कूदे लोग



नोएडा। ग्रेटर नोएडा के गौर सिटी स्थित गैलेक्सी प्लाजा में गुरुवार दोपहर में भीषण आग लग गई, जिसके बाद लोग प्लाजा से कूदने लगे. आग लगने की वजह शार्ट सर्किट होना बताया जा रहा है. आग लगने की यह घटना गौर सिटी 1 में एवेन्यू 1 के तीसरी मंजिल में हुई है. यह एरिया बिसरख थाना क्षेत्र में आता है. इसका वीडियो भी सामने आया है जिसमें दिख रहा है कि लोग जान बचाने के लिए खिड़कियों से लटके हैं और कुछ पांचवीं मंजिल व तीसरी मंजिल से लोग कूद गए. वीडियो में थर्ड फ्लोर से शीशा तोड़कर एक लड़की दो युवक नीचे कूदते हुए नजर आए. कुछ लोगों को गंभीर चोटें भी आई हैं. गनीमत ये रही कि कूदने वाले लोगों के लिए नीचे गद्दे बिछाए गए थे. फिलहाल मौके पर फायर टीम पहुंच गई है और आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है. ग्रेटर नोएडा वेस्ट में हादसा मामले में यह बात सामने आई है कि बिल्डर के पास सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं थे.

#### बीजेपी के विधानसभा मार्च को नीतीश की पार्टी ने बताया नौटंकी

पटना। बिहार में लागू नई शिक्षक बहाली नियमावली, तेजस्वी यादव से इस्तीफा, 10 लाख लोगों को नौकरी आदि मुद्दों को लेकर आज गुरुवार (13 जुलाई) को बीजेपी ने गांधी मैदान से विधानसभा मार्च निकाला है. इस मार्च को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू ने नौटंकी बताया है.

### महाराष्ट्र में पोर्टफोलियो का बंटवारा

## अमित शाह से मिले अजित पवार और प्रफुल्ल पटेल

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार और प्रफुल्ल पटेल ने बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। मुलाकात के बाद प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि ये एक शिष्टाचार मुलाकात थी। हमने केंद्रीय कैबिनेट में कोई पद नहीं मांगा है। उन्होंने आगे कहा कि सत्ताधारी गठबंधन में कोई फूट नहीं है। महाराष्ट्र में 1-2 दिनों में पोर्टफोलियो (मंत्रालयों) का बंटवारा हो जाएगा। 18 जुलाई को एनडीए गठबंधन के घटक दलों की मीटिंग बुलाई गई है। इस दौरान अजित पवार और प्रफुल्ल पटेल नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात करेंगे।



पटेल ने कहा कि इसी हफ्ते ष्टरू एकनाथ शिंदे और डिप्टी ष्टरूदेवेंद्र फणनवीस के साथ हुई मीटिंग में पोर्टफोलियो के बंटवारे पर फैसला हो गया है। इसमें कुछ दिक्कतें तो आएंगी। फिलहाल, सभी पोर्टफोलिया भाजपा और शिंदे की शिवसेना के बीच बंटे हुए हैं। एनसीपी के मंत्रियों को विभाग देने के लिए इन दोनों पार्टियों को कुछ मंत्रालय छोड़ने होंगे।

### दिल्ली के सैलाब में डूबकर शख्स की मौत

## केजरीवाल के घर-दफ्तर तक पहुंच गया बाढ़ का पानी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बाढ़ का पानी अब सारी सीमाएं लांघकर शहर के कई इलाकों में पहुच गया है। कश्मीरी गेट, आईटीओ जैसे इलाकों के बाद पानी सिविल लाइन्स तक पहुंच गया है। यमुना का जलस्तर 208.46 मीटर तक पहुंचने के साथ पानी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के बेहद करीब आ गया है। मुख्यमंत्री का सरकारी आवास सिविल लाइन्स इलाके में मौजूद हैं, जहां सड़कें पानी में डूब गईं हैं। सीएम आवास के अलावा पानी सचिवालय के पास भी पहुंच गया है। उधर, सनलाइट कॉलोनी इलाके में बाढ़ के पानी में डूबकर एक शख्स की मौत हो गई है।





हथिनी कुंड बैराज से पानी छोड़े जाने के चलते यमुना नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। बुधवार को ही 45 साल का रिकॉर्ड तोड़ने के बाद यमुना ने दिल्ली में तबाही के संकेत दे दिए थे। गुरुवार सुबह तक पानी 208.46 मीटर तक पहुंच गया। इसके साथ ही दिल्ली के कई इलाकों में घरों में पानी घुस गया। बाढ़ की वजह से कई सड़कों को बंद करना पड़ा है तो यमुना किनारे कॉलोनियों में कई फीट पानी आ गया है। हजारों लोगों को जान बचाकर शिविरों में भागना पड़ा है।

### मानहानि केस

## अहमदाबाद कोर्ट में पेश होंगे केजरीवाल-संजय

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री से जुड़े एक मामले में आज दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और सांसद संजय सिंह अहमदाबाद की मेट्रोपोलिटन कोर्ट में पेश होंगे। बीते महीने 7 जून को हुई सुनवाई में दोनों कोर्ट नहीं पहुंचे थे। वकील ने पेशी से छूट के लिए आवेदन दिया था, जिसे कोर्ट ने एक्सेप्ट कर दोनों को 13 जुलाई को कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया था। गौरतलब है कि अहमदाबाद में स्थित गुजरात यूनिवर्सिटी ने दोनों नेताओं के खिलाफ मानहानि का केस दर्ज करवाया है। पीएम मोदी की डिग्री



से जुड़े इस मामले में केजरीवाल और संजय सिंह पर यूनिवर्सिटी की छवि खराब करने का आरोप है। गुजरात यूनिवर्सिटी ने दायर याचिका में कहा है कि केजरीवाल और संजय सिंह लगातार संस्थान की प्रतिष्ठा पर सवाल उठा रहे हैं। उनको पता है कि क्करू की डिग्री पहले ही वेबसाइट पर अपलोड की जा चुकी है।

### पीएम मोदी विदेश यात्रा पर रवाना

# 90 हजार करोड़ की डिफेंस डील तोड़ेगी चीन-पाक का 'सपना'

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी गुरुवार (13 जुलाई) को तीन दिवसीय विदेश यात्रा पर रवाना हुए. पीएम मोदी अपनी विदेश यात्रा के पहले चरण में 13 और 14 जुलाई को फ्रांस में रहेंगे और दूसरे चरण में पीएम यूएई पहुंचेंगे. पीएम मोदी का ये फ्रांस दौरा भारत के लिए काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है. दरअसल, इस दौरे पर भारत और फ्रांस के बीच 90 हजार करोड़ की डिफेंस डील होने की संभावना है. इस डिफेंस डील के तहत भारत को 26 राफेल लड़ाकू विमान मिलेंगे. साथ ही 3 स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बियों को भारत में बनाने के लिए समझौता होगा. गौरतलब है कि इंडो-पैसेफिक क्षेत्र में भारत के पड़ोसी देश चीन की हरकतें काफी बढ़ गई हैं. जिसे देखते हुए हाल ही में भारतीय नौसेना ने आईएनएस विक्रांत पर तैनाती के लिए 26 राफेल समुद्री लड़ाकू विमान खरीदने की सिफारिश की थी.

**26 राफेल, 3 स्कॉर्पीन पनडुब्बी...**



#### चीन-पाकिस्तान को मिलेगा मुंहतोड़ जवाब

भारत और फ्रांस के बीच रणनीतिक और राजनीतिक संबंध काफी गहरे हैं. इंडो-पैसेफिक क्षेत्र और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत और फ्रांस समान हितों वाले करीबी सहयोगी हैं. दोनों देशों के बीच करीबी संबंधों का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि भारत के विरोधियों को फ्रांस कोई हथियार नहीं देता हैं. वहीं, भारत विरोधियों के साथ मंच भी साझा करने से इनकार करता है.

#### डिफेंस डील से भारत को क्या मिलेगा?

**फ्रांस** के साथ भारत की 90 हजार करोड़ की डिफेंस डील से देश की चीन और पाकिस्तान को उनकी ही भाषा में जवाब देने की ताकत और बढ़ जाएगी. इस रक्षा सौदे में भारत को 22 सिंगल सीट राफेल मरीन लड़ाकू विमान मिलने की उम्मीद है. ये लड़ाकू विमान आईएनएस विक्रांत पर तैनात होंगे. वहीं, 4 ट्रेनर राफेल मरीन एयरक्राफ्ट मिलेंगे. इसका साथ भारत में 3 स्कॉर्पीन पनडुब्बी के साझा निर्माण पर भी बात बन सकती है.

### 26 राफेल, 3 स्कॉर्पीन पनडुब्बी...

## पाकिस्तान की डूबती नैया को आईएमएफ का सहारा, शहबाज सरकार को मिलेंगे 246अरब

**इस्लामाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के बोर्ड ने बुधवार को पाकिस्तान के लिए 3 बिलियन डॉलर (भारतीय रुपए में करीब 246 अरब) के बेलआउट कार्यक्रम को मंजूरी दे दी. इसके साथ ही एजेंसी ने कहा कि वह दक्षिण एशियाई देश की मदद के लिए तुरंत लगभग 1.2 बिलियन डॉलर का वितरण करेगा. पाकिस्तान और आईएमएफ पिछले महीने एक कर्मचारी स्तर के समझौते पर पहुंचे थे, जिससे नकदी की कमी वाले देश के लिए बहुत जरूरी फंडिंग हासिल हुई है। धन की पहली किश्त वितरित करने से पहले बोर्ड की मंजूरी की आवश्यकता थी,



बाकी रकम बाद में किश्तों में आनी थी. आईएमएफ ने एक बयान में कहा, 'अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के कार्यकारी बोर्ड ने अधिकारियों का समर्थन करने के मकसद से पाकिस्तान के आर्थिक स्थिरीकरण कार्यक्रम के लिए एसडीआर 2,250 मिलियन (लगभग 3 अरब डॉलर, या कोटा का 111 प्रतिशत) की राशि के लिए 9 महीने की स्टैंड-बाय एग्रीमेंट (एसबीए) को मंजूरी दे दी है.' इसमें कहा गया है कि यह व्यवस्था ऐसे समय में की गई है, जबकि पाकिस्तान एक चुनौतीपूर्ण आर्थिक मोड़ पर खड़ा है।

## अनुराग ठाकुर ने 14000 फीट की ऊंचाई पर हैंडपंप चलाया

श्रीनगर। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को लद्दाख के मनाली-लेह हाईवे पर 14,000 फीट की ऊंचाई पर डीबरिंग गांव में हैंडपंप चलाकर पानी पिया। उन्होंने ट्विटर पर वीडियो पोस्ट करके लिखा कि गांव में हैंडपंप चलाकर मीठा पानी पीना एक अलग अनुभूति दे गया। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि अनुराग ने हैंडपंप चलाकर पानी निकाला तो एक व्यक्ति पानी पीने लगा। जब वह हटा तो अनुराग ठाकुर ने भी पानी पिया। अनुराग ठाकुर दो दिन के लद्दाख दौरे पर थे।



युवाओं को संगठित कर मंच प्रदान करता राजीव युवा मितान क्लब

# ग्रामीण स्तर पर सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों को मिल रहा बढ़ावा

## छत्तीसगढ़ियां ओलम्पिक की तैयारियों में जुटे राजीव युवा मितान क्लब के सदस्य

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।







मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप राजीव युवा मितान क्लब के माध्यम से युवाओं की प्रतिभा को तराशने और उन्हें संगठित कर उपयुक्त मंच प्रदान किया जा रहा हैं। जिसके माध्यम से ग्राम स्तर पर युवा क्लब गठित कर शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ विभिन्न सांस्कृतिक, सामाजिक गतिविधियों के भागीदार बन रहे हैं। युवा ग्रामीण स्तर पर राजीव युवा मितान क्लब के माध्यम से छत्तीसगढ़ियां खेल, पर्व, संस्कृति को सहेजने में भी अपनी महती भूमिका निभा रहे है। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में जिले में पुसौर विकासखण्ड के 88 ग्राम पंचायतों में क्लब बनाया गया हैं। इसके साथ ही राजीव युवा मितान क्लब की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही हैं। जहां युवा संगठन नियमित रूप से कार्य करते हुए सामाजिक एवं शासकीय गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहें और ग्रामीणों को जागरूक भी कर रहे हैं। राजीव युवा मितान क्लब के कार्ययोजना अनुसार आगामी दिनों में ग्रामीण अंचल के साथ शहरी क्षेत्र में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेंगे। इसके साथ ही रैली, दीवाल लेखन, संगोष्ठी आयोजित करने निर्देश दिया गया। ताकि बेहतर कार्यक्रम आयोजित कर आगामी विधानसभा निर्वाचन हेतु लोगों को जागरूक किया जा सके। इसके साथ ही बीएलओ से प्राप्त संशोधित सूची के आधार पर नये मतदाताओ का स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही गत दिवस वृद्ध जन एवं दिव्यांग जन मतदाताओं का सम्मान कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। राजीव युवा मितान क्लब के द्वारा ग्राम छींच में वृक्षारोपण का कार्य भी गया। वर्तमान में विभिन्न ग्राम पंचायत, स्कूल गोठान तथा प्राथमिक शाला में वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा हैं। इसके साथ ही जिले में राजीव युवा मितान क्लब के द्वारा पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान व पेयजल संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त अभियान, स्कूलों में बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थित हेतु कार्य करना, कुपोषण अभियान, मलेरिया उन्मूलन, स्वैच्छिक रक्तदान एवं नशामुक्ति कार्यक्रम में अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। साथ ही विभागीय समन्वय के माध्यम से क्लब के सदस्यों द्वारा शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं के पात्र हितग्राहियों की पहचान एवं योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाने में भी महती भूमिका निभा रहे है।

### क्लब ने शुरू की छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की तैयारियां

जनपद सीईओ महेश पटेल ने बताया कि राजीव युवा मितान क्लब के द्वारा छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की तैयारियां के संबंध में बैठक ली गई। जिसमें आगामी 17 जुलाई से प्रारंभ होने वाले छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की तैयारियां क्लब स्तर में प्रतिभागियों का पंजीयन प्रारंभ किया जा रहा हैं। जिसमें 16 प्रकार की खेल गतिविधियां शामिल होगी। प्रतियोगिता का आयोजन 17 से 22 जुलाई तक होगा। इसके साथ ही प्राथमिक चिकित्सा हेतु आयोजन अवधि में उपस्थिति हेतु निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र को सूचना देना, प्रत्येक स्तर के समस्त गतिविधियों के तीन विजेता/विजेता दल की जानकारी प्रदान करना, पक्के फर्श पर बारिश के मौसम में गतिविधियों के आयोजन से बचें जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई।

### राजीव युवा मितान क्लब के माध्यम से मिला सामाजिक कार्य करने का मौका

*राजीव युवा मितान क्लब केनसरा के अध्यक्ष श्री लक्ष्मीनारायण पटेल बताते है कि वे पहले से ही सामाजिक कार्य में रूचि रखते आ रहे है लेकिन राजीव युवा मितान क्लब के माध्यम से उन्हें एक प्लेटफार्म मिला। जिससे वे पद में रहकर लोगों के साथ मिलकर गांव एवं समाज के बेहतरी के लिए कार्य करने का अवसर मिला। राजीव युवा मितान क्लब की सह सचिव श्रीमती पुष्पा सिदार एक गृहिणी महिला है। उन्होंने बताया कि वह राजीव युवा मितान क्लब में जुड़ कर अपने गांव के लिए सेवा करने का मौका मिला। कु.संजीता गुप्ता ने बताया कि वह अपने गांव के उत्थान के लिए सदैव कार्य करना चाहती थी। जो शासन की राजीव युवा मितान क्लब के माध्यम से उन्हें यह मौका मिला। उन्होंने बताया कि उनके क्लब के माध्यम से ग्रामीण स्तर पर शासकीय योजनाओं की जानकारी, वृक्षारोपण, शाला प्रवेश, मतदाताओं को जागरूकता जैसे विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही है।*

## एक नजर

### राहुल के समर्थन में कांग्रेस के सत्याग्रह को ओपी ने नौटंकी बताया

जोहार छत्तीसगढ़- रायगढ़।

राहुल गांधी द्वारा पिछड़ी जाति का अपमान किए जाने के मामले में कोर्ट के राहत नहीं मिलने पर कांग्रेस के मौन सत्याग्रह को प्रदेश भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी ने नौटंकी बताया। धरने में बैठे मुख्यमंत्री के मौन सत्याग्रह के बाद



सोशल मंच से ओपी चौधरी ने कहा एक परिवार की चापलूसी करने के लिए पिछड़ी जाति का अपमान करने वाले शहजादे में इतनी भी शालीनता नहीं कि वे अपने किए के लिए सार्वजनिक माफी मांग ले। राजनीति में आखिर इतना अभिमान क्यों, पिछड़ी जाति के लोगो का निरादर करते हुए उनकी भावनाओं का निरादर करना, न्यायिक आदेश की अवहेलना करना। यह सब कुछ अहंकारी होने का प्रमाण है। ये परिवार स्वयं को देश से बड़ा मानता है। इसी अकड़ की वजह से देश वासियों के मन में सहानुभूति नहीं है। भाजपा नेता ओपी ने प्रदेश के कांग्रेसी नेताओं द्वारा शहजादे के लिए धरने को लज्जाजनक बताते हुए कहा कांग्रेसियों को पिछड़ी जाति से जुड़े मान सम्मान से कोई सरोकार नहीं है।

### अंतिम सूची जारी, 24 जुलाई तक दावा-आपत्ति आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना, लैलूंगा अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका तथा मिनी कार्यकर्ता हेतु आवेदन मंगाये गये थे। प्राप्त आवेदनों का परीक्षण उपरांत सूची निकाली गयी, जिसके लिए दावा-आपत्ति मंगायी गयी थी। प्राप्त दावा-आपत्ति की अंतिम सूची कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा की गई है। उक्त दावा-आपत्ति सूची में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो 24 जुलाई 2023 को सायं 5.30 बजे आवेदन कर सकते है। इसके पश्चात प्राप्त दावा मान्य नहीं किया जाएगा।

### कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने छिन्द स्थित मत्स्य बीज प्रक्षेत्र का किया निरीक्षण,ली मत्स्य उत्पादन की विस्तृत जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़-बिलाईगढ़।

कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने 12 जुलाई की शाम मत्स्य बीज प्रक्षेत्र छिन्द का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने फार्म का निरीक्षण कर यहां मत्स्य बीज उत्पादन हेतु प्रजनक एकत्रीकरण, अण्डा एकत्रीकरण एवं स्पॉन, फ्राई, फिंगरलिंग उत्पादन प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। प्रक्षेत्र प्रभारी द्वारा बताया गया कि वर्ष 2023-24 में मत्स्य बीज स्पॉन उत्पादन का लक्ष्य 950 लाख है जिसके विरूद्ध अब तक 360 लाख स्पॉन का उत्पादन किया जा चुका है। वर्तमान में मत्स्य बीज उत्पादन का कार्य प्रगति पर है। कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने इस दौरान शासन की योजनाओं से किसानों को लाभान्वित किए जाने के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मत्स्य बीज उत्पादन के लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूरा करें तथा जिले के मत्स्य पालकों को शासकीय दर पर उन्नत किस्म के मत्स्य बीज प्रदाय करने हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान प्रक्षेत्र प्रभारी एसपी शुक्ला, सहायक मत्स्य अधिकारी एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।



## घरघोड़ा टीआई शरद चंद्रा ने छात्राओं, महिलाओं और बच्चों पर घटित होने वाले अपराधों की दिये जानकारी, बताये अपराधों से बचाव के उपाए

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन पर थाना,चौकी प्रभारीगण ग्रामीण एवं शहरी थाना क्षेत्रों में स्कूल कॉलेज, छात्रावास पहुंच कर महिलाओं और बच्चों को अपराधों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। आज 13 जुलाई को थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक शरद चन्द्रा अपने थाने के स्टाफ के साथ कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला घरघोड़ा पहुंचे, जहां उन्होंने उपस्थित छात्राओं को महिलाओं और बच्चों पर घटित होने वाले अपराध, साइबर क्राइम के संबंध में जानकारी देकर शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुये यातायात नियमों का पालन करने प्रेरित किया गया। थाना प्रभारी ने छात्राओं को गुड टच, बेड टच के बारे में बताया और बोले कि स्कूल या कहीं आते-जाते कोई छेड़छाड़ करता है तो परिजनों व पुलिस को बिना किसी की डर के सूचना दें। थाना प्रभारी ने मोबाइल व सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले अपराधों के संबंध में जानकारी देकर फेसबुक, इंस्टाग्राम में अंजान व्यक्तियों के फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार करने से बचने कहा गया और मोबाइल के उपयोग में विशेष सावधानी बरतने की हिदायत दिये। थाना प्रभारी ने छात्राओं और उपस्थित शिक्षकगण को सड़क दुर्घटना से बचने यातायात नियमों का पालन करने कहा गया तथा पुलिस सहायता के लिए डॉयल 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और पुलिस के जरूरी नंबर भी भेंट किए और जरूरत पड़ने पर तुरंत सूचना देने कहा गया।

## उभय लिंग समुदाय और दिव्यांगजनों को मतदान हेतु किया गया जागरूक

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।




भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कोरबा के निर्देशानुसार आदर्श नवयुवा मण्डल समिति निहारिका में उभय लिंग व्यक्तियों का सम्मेलन एवं मतदान हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सहायक नोडल अधिकारी,स्वीप अनिल रात्रे ने कार्यक्रम में बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 2023 के निर्वाचन में समावेशी, सुगम एवं सहभागी निर्वाचन की थीम रखी गई है। जिसके तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर दिव्यांग, उभयलिंग व्यक्तियों का नाम जोडने एवं पुनरीक्षण कार्य किया जा रहा है। इसी तरह इन्हरव्हील एजुकेशन सोसायटी रामपुर कोरबा में दिव्यांगजनों का सम्मेलन एवं मतदान हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग द्वारा श्रवण बाधित दिव्यांगजनों को श्रवण यंत्र का वितरण किया गया। इसके साथ ही दिव्यांगजनों को मतदान के अधिकार व मतदान जागरूकता के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्राध्यापक ई.व्ही.पी.जी. कालेज बलराम कुर्रे, परिवीक्षा अधिकारी समाज कल्याण विभाग मुकेश कुमार दिवाकर, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी संजय अग्रवाल, दिव्यांग आईकॉन लक्ष्मी निषाद, सरोज पटेल प्राचार्य रीता खेत्रपाल आदि उपस्थित थे।

## फर्जी पंचायत अधिकारी गिरफ्तार

**बालोद-रायपुर** । जिला पंचायत परियोजना अधिकारी बनकर ग्रामीणों के खातों से पैसा ट्रांसफर करने पहुंचे एक युवक को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं पुलिस ने भी त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है। पूरा मामला दल्लीराजहरा थाना क्षेत्र का है। आरोपी ढालेन्द्र कुमार साहू निवासी ग्राम पिपरछेड़ी खुद को जिला पंचायत के परियोजना अधिकारी बता ग्रामीणों से प्रधानमंत्री अवास योजना का लाभ दिलाने तथा जियोटेग करने की बात कहते हुए ग्रामीणों को अपने झांसे में ले लिया। आरोपी एक ग्रामीण को उसके घर के बाहर खड़ा कर उसका फोटो खींचा और इसके बाद उसका आधार कार्ड मांग अंगूठे का थम्स लेकर धोखाधड़ी करते हुए बैंक अकाउंट से पैसा ट्रांसफर कर लिया। पैसा कटने की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों को शक हुआ और इसके बाद ग्रामीणों ने उसे घेर लिया। अब तक 4 ग्रामीणों की शिकायत सामने आ चुकी है। ग्रामीणों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 170, 420 के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

## राष्ट्रीय राजमार्ग अंतर्गत भू-अधिग्रहित प्रभावितों के मुआवजा वितरण के लिए गांवों मे होगा शिविर का आयोजन

### जिले के 12 गांवों में 14 जुलाई से 8 अगस्त तक लगेंगे शिविर

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

राष्ट्रीय राजमार्ग के अंतर्गत सड़क निर्माण के लिए भू-अधिग्रहित प्रभावित परिवारों को राहत दिलाने के लिए पुनः शिविर आयोजित की जाएगी। गांवों में विशेष शिविर लगाकर भू-अधिग्रहित प्रभावितों को मुआवजा वितरण किया जाएगा। शिविर के माध्यम से प्रभावितों के मुआवजा वितरण में आ रही कठिनाईयों को दूर कर सभी प्रभावितों को नियमानुसार मुआवजा प्रदान किया जाएगा। कलेक्टर संजीव झा के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं सक्षम भू-अर्जन अधिकारी कोरबा द्वारा गांववार शिविर का रोस्टर जारी किया गया है। तहसील कोरबा एवं करतला के कुल 12 गांवों में 14 जुलाई से 8 अगस्त 2023 तक शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविर में भारत माला परियोजना अंतर्गत भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130, उरगा-पत्थलगांव खण्ड के तहत् तहसील कोरबा एवं करतला के प्रभावित नागरिकों के मुआवजा वितरण में आ रही दिक्कतों को दूर किया जाएगा। शिविर के लिए संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

जिसके अंतर्गत ग्राम जिल्गा, ढोंगदरहा, गेरांव, चीतापाली, बरपाली, कटकोना, सकदुकला, चांपा एवं चचिया में आयोजित शिविर के लिए तहसीलदार भैंसमा पूजा अग्रवाल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार ग्राम करतला, कोटमेर व नोनबिर्रा में आयोजित शिविर के लिए तहसीलदार करतला पंचराम सलामे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही इस दौरान शिविर में हल्का पटवारी, एनएचएआई के अधिकारी सहित मुआवजा वितरण से संबंधित अन्य अधिकारी-कर्मचारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। एसडीएम कोरबा ने मुआवजा वितरण शिविर के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 14 एवं 15 जुलाई 2023 को ग्राम जिल्गा, 18 एवं 19 जुलाई 2023 को ग्राम ढोंगदरहा, 20 एवं 21 जुलाई 2023 को करतला, 22 एवं 24 जुलाई 2023 को ग्राम कोटमेर, 25 एवं 26 जुलाई 2023 को ग्राम गेरांव, 27 एवं 28 जुलाई 2023 को ग्राम नोनबिर्रा, 29 जुलाई 2023 को चीतापाली व 31 जुलाई 2023 को बरपाली में शिविर आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार 1 एवं 2 अगस्त 2023 को ग्राम कटकोना, 3 एवं 4 अगस्त 2023 को ग्राम सकदुकला, 5 अगस्त 2023 को चांपा तथा 7 एवं 8 अगस्त 2023 को ग्राम चचिया में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

सफलता के तीन सूत्र, ऊंची सोच, कठोर परिश्रम, पक्का इरादा- भरतलाल साहू

## कन्या स्कूल सरिया के जरूरतमंद दत्तक पुत्रियों को शिक्षा उपस्कर सामग्री वितरित

### लक्ष्य पर केंद्रित कर सतत परिश्रम करने से सफलता सुनिश्चित- नेतराम साहू

जोहार छत्तीसगढ़-सरिया।






दत्तक पुत्री शिक्षा सहयोग समिति रायगढ़ द्वारा शिक्षा सत्र 2023-24 में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरिया विखं बरमकेला, जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ में शिक्षा उपस्कर सामग्री वितरित कर छात्र-छात्राओं को करियर मार्गदर्शन दिया गया। दत्तक पुत्री शिक्षा सहयोग समिति के संचालक भरतलाल साहू - राष्ट्रपति पदक, राज्यपाल पुरस्कार एवं राष्ट्रीय बाल कल्याण पुरस्कार से सम्मानित व पुरस्कृत सेवानिवृत्त शिक्षकद्ध ने 26 जनवरी 2009 से समाज के शाला त्यागी, मातृ-पितृ विहीन, जरूरतमंद एवं मेधावी बेटियों को दत्तक पुत्री के रूप में गोद लेकर शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़कर अपनी पेंशन की राशि से शिक्षा उपस्कर सामग्री शालेय गणवेश, जूता, मोजा, कापी,कंपास, पेन आदि, प्रदान कर शिक्षा व सफलता हेतु प्रोत्साहित करते हैं। उनके शिक्षा यज्ञ में शताधिक शिक्षक, चिकित्सक, सेवाभावी जन जुड़े हुए हैं तथा सहयोग प्रदान करते हैं। इसी तारतम्य में आज शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरिया के जरूरतमंद छात्रा कु.शांति चौहान, कु.कृतिका सिदार, कु. महिमा यादव, कु अंजली सिदार, कु अंकिता, कु रोजी सदवर्ती, कुसलोनी सिदार, कु. महिमा सिदार को शिक्षा उपस्कर सामग्री प्रदान किया गया। विद्यालय की सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्रा कु. बरखा स्वर्णकार 93.16:, कु खुशी दुआन 91.16: कु. सब्या पटेल 90.86:, कु. तमन्ना पसाइत 92: को प्रशस्ति पत्र, डायरी एवं पेन प्रदान कर सम्मानित किया गया। संचालक भरतलाल साहू ने बेटियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता के लिए शिक्षा आवश्यक है। शिक्षा प्राप्त करने के लिए मन को एकाग्र कर ध्यान करना आवश्यक है। सफलता के लिए अपने रूचि के अनुसार लक्ष्य का निर्धारित कर ऊंची सोच, कठोर परिश्रम, पक्का इरादा करके मेहनत करें तो सफलता आपके कदम चूमेगी। सरिया स्कूल की दत्तक पुत्री कु. अनिता नायक 94.4: अंक प्राप्त कर वर्ष 2018 में टॉपटेन में चतुर्थ स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित की है। करियर मार्गदर्शक एवं रसायन विषय के व्याख्याता नेतराम साहू ने विगत 123 वर्षों में भारत देश के महिला पुरूष लिंगानुपात की जानकारी दिया। सफल महिलाओं के बारे में बताया। छात्र-छात्राओं को सूर्य प्रकाश व लेंस का उदाहरण देते हुए कहा कि सूर्य का प्रकाश सर्वत्र होता है लेकिन इसे लेंस की सहायता से एक केंद्र बिंदु में फोकस करने पर सूखी घास से धुआं उठने लगता है। कागज जलने लगता है। ठीक इसी प्रकार आप अपने जीवन में जो बनना चाहते हैं। प्राप्त करना चाहते हैं उस लक्ष्य को निर्धारित कर अपना ध्यान उस पर फोकस करें तो सफलता निश्चित रूप से मिलेगी। शिक्षा उपस्कर सामग्री का वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती के छाया चित्र पर पूजन अर्चन कर तथा सरस्वती वंदना के साथ की गई। छात्र-छात्राओं द्वारा राज गीतए स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्राओं ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से अभिनंदन किया।




### देहदानी स्व. डॉ पी डी सोनी को श्रद्धांजलि

दत्तक पुत्री शिक्षा सहयोग समिति के अध्यक्ष देहदानी डॉ पी डी सोनी के निधन होने पर मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। उनके कार्यों व सहयोग को स्मरण किया गया। शिक्षा उपस्कर सामग्री वितरण एवं कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम में भरतलाल साहू,छबिशंकर साहू, नेतराम साहू, पुरुषोत्तम चौधरी प्रभारी प्राचार्य, पी एम पाणिग्राही,जी पी मिरी, सुशील निषाद, डी के प्रधान,यू के पटेल, बिंदु प्रधान, स्वर्ण शशि केरकेट्टा, ज्योति पटेल, दीपा एफबेक, अमना आर डी भोय,एवं सैकड़ो छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन पुरुषोत्तम चौधरी प्रभारी प्राचार्य द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम का कुशल संचालन सुशील निषाद ने किया।

# शराब बंदी करो ना जाने कितने काले राज छिपे हैं इस भ्रष्ट सरकार में

## शराब दुकान घोटाले को लेकर जताई नाराजगी– महेश प्रसाद

जोहार छत्तीसगढ़–एमसीबी।

**सोशल मीडिया में इन दिनों वायरल हो रहे चिरमिरी शराब घोटाले को लेकर भारतीय शक्ति चेतना पार्टी मन्द्रेगढ़ विधानसभा के युवा प्रत्याशी महेश प्रसाद ने नाराजगी जताते हुए कहा की एक ही शराब दुकान में लाखों का घोटाला आखिर हुआ कैसे सूत्रों के अनुसार आबकारी विभाग अब मामले को किसी तरह निपटाने के फिराक में है। और अन्य दुकानों को मौखिक निर्देश देकर भरपाई करने को कहा गया है।**

सूत्रों से यह भी बताया जा रहा है कि नकली शराब बेचकर घोटाले की भरपाई करने की तैयारी आबकारी विभाग द्वारा कि जा रही है। घोटालेबाज दुकान संचालक पर कार्यवाही करने की बजाए आबकारी विभाग लीपापोती करने में लगा है। आखिर चिरमिरी के एक दुकान में लगभग 80 लाख रुपए के शराब का घोटाला हुआ तो हुआ कैसे जबकि सरकार बकायदा ऑनलाइन मॉनिटरिंग कि बात करती है फि`र इतनी बड़ी लापरवाही कैसे ये सोचने वाली बात है। यहां तक तो ठीक है लेकिन अब आबकारी विभाग इसकी जिस प्रकार भरपाई करने की तैयारी में है। ये तो साफ जाहिर है कि आबकारी विभाग इसकी भरपाई अपनी जेब से तो नही कर सकता अनुमान लगाया जा रहा है कि अब विभाग नकली एवं गैरकानूनी शराब के जरिए अपने इस घोटाला को लीपा पोती करने में लगा हुआ है। एक तरफ तो कांग्रेस की सरकार ने शराब बंदी ना करके सस्ती ब्रांड को कमीशन के बल पर दुकानों में परोसा गया अब विभाग द्वारा ना जाने किस प्रकार से गैरकानूनी शराब और मिलावटी शराब बेचकर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने के फिराक में है। अविभाजित कोरिया जिले से एक बड़ी खबर आबकारी विभाग की आ रही है। विभाजित कोरिया जिले का अभी तक पूर्ण रूप से विभाजन नहीं हुआ है और अभी भी कई विभाग संयुक्त जिले की कमान सम्हाल रहे हैं और उन्हीं में से आबकारी विभाग भी एक है जो दोनो जिले में अभी संयुक्त रूप से काम कर रहा है और कोरिया जिले से ही विभाग का संचालन हो रहा हैए आबकारी विभाग द्वारा संचालित शासकीय शराब दुकान से जुड़ी है यह खबर जहां घोटाले की बात सामने आ रही है और अब आबकारी विभाग मामले की लीपापोती करके मामले को रफा दफा करने की तैयारी में है। 80 लाख का घोटाला सामने न आने पाए इसके लिए



आबकारी विभाग अविभाजित कोरिया जिला नया तरकीब लेकर सामने आया है और अब इस घोटाले की राशि की भरपाई अविभाजित कोरिया जिले के सभी शराब दुकान मिलकर करेंगे यह विभाग ने निर्णय सभी दुकान संचालकों को सुना दिया है और जल्द ही भरपाई करने निर्देशित जारी कर दिया है। पूरा मामला एमसिबी जिले के चिरमिरी शराब दुकान से जुड़ा हुआ है और दुकान का नाम गोदरीपारा अंग्रेजी शराब दुकान बताया जा रहा है जहां विगत दो वर्षों में लगभग 80 लाख रुपए शासकीय शराब की राशि गायब बताई जा रही है और यह राशि गायब है इसकी जानकारी अब सामने आई है और जानकारी सामने आते ही आबकारी विभाग हरकत में आया है और अविभाजित कोरिया जिले के सभी शराब दुकानों को निर्देश जारी कर दिया की अब सभी दुकान मिलकर इस राशि की भरपाई करेंगे और वर्तमान में जो भी बिक्री इस माह आएगी उसमें से भरपाई की जाएगी। जिन शराब दुकानों की बिक्री अधिक है उन्हे 5 लाख और जिनकी कम है उन्हे 2 से 1 लाख प्रति दुकान भरपाई का निर्देश जारी किया गया है आबकारी विभाग द्वारा। अब जिले के सभी शराब दुकान किस तरह भरपाई करेंगे इतने बड़े घोटाले की यह समझा जा सकता हैएअब शराब में पानी मिलाकर बेचने साथ ही मिलावटी शराब बेचने की मौन सहमति ही इसे मान लेने के अलावा और कुछ कहा नहीं जा सकता और माना जा सकता है की अब आबकारी विभाग की भरपाई वाले निर्देश के बाद सभी शराब दुकान मिलावटी शराब बेचकर घोटाले की भरपाई करेंगे और शराब प्रेमियों की जान से खिलवाड़ करेंगे। चिरमिरी की गोदरीपारा शराब दुकान का यह घोटाला जितना बड़ा है उतना ही बड़ा मामला यह है की घोटाले को छिपाने अब आबकारी विभाग ही शराब दुकानों की मिलावटी शराब बेचने की मौन स्वीकृति दे रहा है जो जिले के शराब प्रेमियों के लिए बुरी खबर है।

### 80 लाख रुपए की हुई है गड़बड़ी,बिक्री राशि में है 80 लाख का अंतर

बताया जा रहा है की बिक्री राशि में 80 लाख रुपए कम जमा किए गए हैं। यह राशि चिरमिरी की गोदरीपारा शराब दुकान की तरफ से जमा की गई कम राशि है और इतनी राशि की गड़बड़ी की गई है। कुल मिलाकर दो वर्षों में यह घोटाला हुआ है और अब यह घोटाला सामने आया है। दुकान की बिक्री में 80 लाख रुपए विगत दो वर्षों में कम जमा की गई है और बिक्री राशि में से यह राशि कम बताई जा रही है।

### दो वर्षों से कम जमा की जा रही थी बिक्री राशि

एक ही शराब दुकान से विगत दो वर्षों में 80 लाख रुपए की गड़बड़ी की गई है। लगातार दो वर्षों तक शराब बिक्री की राशि एक दुकान द्वारा कम जमा की जा रही थी और इसका पता आबकारी विभाग को नहीं चल पा रहा था और दो वर्षों बाद जब पता चला भी तब अंतर की राशि 80 लाख पहुंच गई है और अब विभाग को चिंता सताने लगी है और विभाग मामले की लीपापोती में जुटा हुआ है। सवाल यह उठता है की आबकारी विभाग को आखिर दो वर्षों तक कैसे घोटाले की खबर नहीं लगी और लगातार दुकान की बिक्री राशि जिसमे अंतर आ रहा था उससे विभाग कैसे अनभिज्ञ था। अब जब घोटाला बड़े स्तर पर पहुंच गया है उसे छिपाने अन्य दुकानों से वसूली का आदेश जारी कर दिया गया है और कार्यवाही और जांच की जगह मामले को रफादफा करने की तैयारी है। ये सब बाते कई सवालों को खड़ा करती है।

### आबकारी विभाग लेता है प्रतिदिन का दुकानों से वसूली,इसलिए नहीं देता

### गड़बड़ियों पर ध्यान

सूत्र से बताया जाता है की आबकारी विभाग जिलेभर की शराब दुकानों से प्रतिदिन के हिसाब से वसूली करता है और इसके एवज में शराब दुकानों में कार्यरत कर्मचारियों को मनमानी की छूट मिली हुई है वहीं इसी वसूली की एवज में शराब में मिलावट की भी छूट मिली हुई है और विभाग वसूली करने के बाद दुकानों की जांच भी नहीं करता। बताया यह भी जा रहा है की इसीलिए इतना बड़ा घोटाला दो वर्षों के बाद सामने आया है और उसे भीपाने विभाग पूरा जोर लगा रहा है और जिसके लिए वह जिले के अन्य दुकानों से वसूली कर भरपाई करने की फिराक में है। शराब दुकान जो प्रतिदिन की आबकारी विभाग की वसूली जमा करते हैं उन्हें चूंकि मनमानी की छूट होती है और उनकी जांच भी नहीं होती इसलिए ही इतना बड़ा घोटाला संभव हो सका है।

### जब लगातार दुकान की बिक्री राशि जमा हो रही थी कम तो फिर लगातार शराब लाने परमिट कैसे हो रहा था जारी

गोदरीपारा शराब दुकान घोटाले में आबकारी विभाग की संलिप्तता इससे भी समझी जा सकती है की जब लगातार बिक्री राशि कम जमा हो रही थी फिर क्यों दुकान के लिए नया परमिट जारी किया जा रहा था। शराब की बिक्री राशि जमा ही नहीं हो रही थी और शराब मंगाकर लगातार दुकान को दिया जा रहा था। पूरे मामले में विभागीय संलिप्तता स्पष्ट है और यह भी स्पष्ट है की बिना मिलीभगत इतना बड़ा घोटाला संभव नहीं हो सकता।

### आखिर क्यों हुआ इतना बड़ा शराब घोटाला,क्या है आबकारी विभाग की संलिप्तता

*जिले की चिरमिरी शराब दुकान में 80 लाख के शराब घोटाले मामले में आइए जानते हैं की क्या है पूरा खेल कैसे हुआ इतना बड़ा घोटाला,जबसे शराब दुकान का संचालन शासकीय रूप से किया जा रहा है और प्लेसमेंट एजेंसी के कर्मचारी शराब दुकानों का संचालन कर रहें हैं तभी से शराब में मिलावट की खबर भी आम है। बताया जाता है की मिलावट करने आबकारी विभाग की ही सहमति मिली हुई रहती है और इसके एवज में प्रत्येक दुकान प्रतिदिन का हिस्सा आबकारी विभाग को देते हैं। हिस्सा लेकर विभाग मौन रहता है और दुकान संचालकों को मनमानी की छूट रहती है इसलिए दुकान की जांच भी नहीं होती और इसीलिए इतना बड़ा घोटाला संभव हो सका है और अब घोटाले को छिपाने नया घोटाला किया जाने वाला है जिसमे अब जिलेभर के दुकान संचालक एक दुकान के घोटाले की भरपाई अपने अपने दुकान में घोटाला कर करेंगे।*

# हरेली तिहार के लिए सारबिला सी मार्ट में गेड़ी बिक्री के लिए उपलब्ध

## गांव का हरेली तिहार और नागमथ

जोहार छत्तीसगढ़–सारंगढ़ बिलाईगढ़।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ की परंपरा, तीज त्यौहार, बोली, खान–पान के सम्मान में हर संभव कोशिश की है। इस बार 17 जुलाई 2023 को छत्तीसगढ़ में हरेली तिहार मनाया जायेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में गेड़ी के बिना हरेली तिहार अधूरा है। बच्चों के लिए बाजार में गेड़ी बिक्री का प्रचलन स्थान विशेष में होता था। अब राज्य शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने लोगों तक गेड़ी की उपलब्धता के लिए जिले के सारबिला सी मार्ट में गेड़ी बिक्री के लिए व्यवस्था की है। सी मार्ट से इच्छुक व्यक्ति खरीद सकते हैं। परंपरा अनुसार वर्षों से छत्तीसगढ़ के गावों में अक्सर हरेली तिहार के पूर्व बढ़ई के घर में गेड़ी का ऑर्डर रहता था और बच्चों के




जिद पर अभिभावक जैसे तैसे गेड़ी भी बनाया करते थे। अब सी मार्ट में गेड़ी बिक्री के लिए उपलब्ध होने से अभिभावक भी मनपसंद गेड़ी खरीद सकते हैं और पहले की अपेक्षा और अधिक हर्षोल्लास से त्यौहार मना सकते हैं।

### गांव का हरेली तिहार

गांव में लगभग सभी की जमीन होती है और वे किसान हैं। हरेली तिहार के दिन सुबह से ही तालाब के पनघट में किसान परिवार बड़े बुजुर्ग बच्चें सभी अपने गाय, बैल, बछड़े को नहलाते हैं और खेती किसानी औजारों हल, कुदाली, फावड़ा को भी साफकर घर के आंगन में पूजा के लिए सजाते हैं। माताएं गुड़ का चीला बनाती हैं। कृषि औजारों को धूप दीप से पूजा के बाद नारियल, गुड़ का चीला का भोग लगाया जाता है। अपने अपने घरों में आराध्य देवी देवताओं के मान्यता के अनुसार पूजा करते हैं। गांव के ठाकुर देव की पूजा की जाती है और उनको नारियल अर्पण करते हैं।

### नागमथ का प्रदर्शन

गांव के किसी स्थल में शाम को गुरु के सानिध्य में हल्के मंत्र साधना करने वाले गांव के सभी चेला, झांज मंजीरा ढोलक गीत आदि गुरु के साथ कनेर के डगाल और फूलों से सजे नवनिर्मित स्थल में पूजा करते हैं, जिसे नागमथ के नाम से जाना जाता है। गांव के सभी इच्छुक बड़े बुजुर्ग बच्चे युवा बालक बालिका महिला पुरुष उपस्थित होते हैं। इस अवसर में किसी चेला को किसी देवता की सवारी आता है और वो वर्तमान अपनी पहचान से बेसुध गाने और संगीत ढोलक मंजीरा के लय के अनुसार आधा घंटा के करीब पूजा स्थल के इर्द गिर्द कई प्रकार के मनोभाव प्रकट करता है, जिसको गुरु और अन्य को जब ये जानकारी होती है कि इस देवता की सवारी है तब उसके सामने उनके पसंद का फल देकर या उस देवता से सबंधित गीत को उन्मादी ऊंचे लय से गाया बजाया जाता है तब देवता की सवारी वाले चेला के पीछे दो लोग उसको पीछे से पकड़ने के लिए रहते हैं। उनको मालूम रहता है कि चेला गाने के हिसाब से ऊंचे लय के संगीत के समय झुके हुए दोनों हाथ पैर या बैठे हुए मुद्रा से ऊपर की ओर उठते हुए पीछे की ओर गिरेगा। बेसुध चेला के कानो में गुरु या अन्य वरिष्ठ साधकों द्वारा मंत्र सुनाया जाता हैए जिससे वह अपने पुराने अस्तित्व में सामान्य हो जाता है और पूजा कर गुरु से आशीर्वाद प्राप्त करता है। यह प्रदर्शन सावन माह में ही गुरु के सानिध्य में दूसरे अवसर में भी किया जाता है।

# राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में स्वर्ण और रजत पदक जीतकर लौटे खिलाड़ियों को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने किया सम्मानित

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़ ।



पुलिस कार्यालय में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा द्वारा छत्तीसगढ़ पुलिस राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में हॉकी और एथलेटिक में विजयी होकर स्वर्ण और रजत पदक के साथ रायगढ़ लौटे खिलाड़ी पुलिसकर्मियों को पुष्पगुच्छ और मेडल पहनाकर उनका सम्मान किया गया और उन्हें माह सितंबर में होने वाले ऑल इंडिया गेम्स के लिए शुभकामनाएं दिया गया है। छत्तीसगढ़ पुलिस राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता 2023 में पुलिस रेंज और छसबल की टीमों के बीच विभिन्न खेलों का आयोजन रायपुर में हुआ जिसमें बिलासपुर रेंज की हॉकी टीम में जिला पुलिस बल रायगढ़ के 7 खिलाड़ी शामिल थे। इस हॉकी टीम का कैप्टन रोशन एक्का आरक्षक थाना चक्रधरनगर, वाइस कैप्टन विनोज लकड़ा थाना कोतवाली रायगढ़ के साथ टीम में प्रधान आरक्षक अनूप तिग्गा चौकी रैरूमाखुर्द, आरक्षक एलियस केरकेट्टा थाना लैलूंगा, जेरोम खलखो डीसीबी, सत्यवान लकड़ा थाना भूपदेवपुर, अरविंद लकड़ा थाना लैलूंगा के साथ रेंज के अन्य जिलों के पुलिसकर्मी शामिल थे। बिलासपुर रेंज की हॉकी टीम ने प्रतियोगिता में बस्तर रेंज, सरगुजा रेंज, दुर्ग छसबल के साथ मैच खेल कर फाइनल में मध्य रायपुर छसबल बल पर 4–1 से विजयी रही। हॉकी खिलाड़ी आरक्षक विनोज लकड़ा मिड फील्डर और आरक्षक रोशन एक्का सेंटर फॉरवर्ड पोजीशन से खेलते हैं, प्रतियोगिता में इनका शानदार प्रदर्शन रहा, दोनों खिलाड़ियों का सितंबर 2023 में ऑल इंडिया पुलिस मीट गेम्स में छत्तीसगढ़ पुलिस की हॉकी टीम में चयन हुआ है। वहीं जिला पुलिस रायगढ़ में पदस्थ एथलेटिक्स का नेशनल खिलाड़ी आरक्षक अचिन्त गबेल थाना अजाक प्रतियोगिता के 1500 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक हासिल किया। जिले का होनहार खिलाड़ी अचिन्त गबेल राष्ट्रीय खेलों में 6 स्वर्ण, 3 रजत और 3 बार कांस्य पदक प्राप्त कर चुका है। अचिन्त गबेल का भी ऑल इंडिया पुलिस मीट गेम्स में 10 किलोमीटर क्रॉस कंट्री दौड़ सिलेक्शन हुआ है। सम्मान कार्यक्रम दौरान कार्यालय के मुख्य लिपिक जेपी चेलकर और समस्त स्टाफ ने प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन के लिये बधाई और ऑल इंडिया गेम्स के लिए शुभकामनाएं दिया है।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल के लिए चयनित संविदा शिक्षकों को कलेक्टर ने प्रदान किया नियुक्ति पत्र,चयनित शिक्षकों में हर्ष

जोहार छत्तीसगढ़– सारंगढ़ बिलाईगढ़।



जिले में संचालित होने वाले नवीन स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालयों में संविदा शिक्षकों की भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। इसमें चयनित होने वाले अभ्यर्थियों को बुधवार 12 जुलाई को कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने नियुक्ति पत्र सौंपा। साथ ही कलेक्टर ने चयनित अभ्यर्थियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए राज्य शासन की मंशानुरूप विद्यार्थियों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने की बात कही। सभी उपस्थित शिक्षकों ने प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन के प्रति आभार प्रकट किया। गौरतलब है कि जिले में पहली बार 72 रिक्त पदों की पूर्ति के लिए संविदा भर्ती का विज्ञापन जारी किया था, जिसमें 53 पात्र अभ्यर्थियों को आज सारी प्रक्रिया संपन्न कराते हुए नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी डेजी रानी जांगड़े एवं जिला नोडल अधिकारी सेजेस नरेश चौहान उपस्थित रहे।

# 60 से 120 रुपए कीमत में मिल रही रंग-बिरंगी गेड़ी, बच्चों से लेकर बड़ों में दिख रहा उत्साह

## हरेली तिहार की पहचान गेड़ी अब सी मार्ट में उपलब्ध, शहरवासी भी ले सकेंगे आनंद

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

छत्तीसगढ़ के पहले त्यौहार के रूप में मनाए जाने वाली हरेली शहरवासियों के लिए इस बार कुछ खास होने वाली हैं। क्योंकि इस दफे हरेली तिहार की विशेष पहचान 'गेड़ी' चढ़ने का आनंद गांवों और शहरों के लोग उठा सकेंगे। वन विभाग द्वारा विशेष रूप से बसोड़ कारीगरों से गेड़ी तैयार करवाया गया है। जो विक्रय के लिए रायगढ़ के सी–मार्ट में उपलब्ध है।

राज्य में हरेली के दिन किसान अपनी कृषि कार्य के पहले चरण में बोनी कर अच्छी फसल की कामना करते हुए पर्व को हर्षोल्लास से मनाते हैं। इस दिन मुख्यत: किसान बैल, नांगर, ट्रेक्टर एवं अन्य कृषि औजारों की पूजा करता हैं। इस दरम्यान ग्रामीण अंचल में कई प्रकार के खेल आयोजन के साथ बच्चों से लेकर बड़ों तक बांस, लकड़ी से




**बसोड़ कारीगरों से विशेष रूप से तैयार करवाया गया है गेड़ी**

बने गेड़ी का आनंद उठाते हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा राज्य के पारम्परिक रीति–रिवाज, खान–पान के साथ यहां की संस्कृति, स्थानीय खेल को संरक्षित करने की दिशा में वृहद स्तर पर कार्य किया जा रहा हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री बघेल के मंशानुरूप शासन से सस्ते दर पर बसोड़ कारीगरों और वन प्रबंधन समितियों के माध्यम से वन विभाग द्वारा पहली बार गेड़ी का निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में हरेली के दिन खेल प्रतियोगिताओं के साथ छत्तीसगढ़ियां ओलम्पिक भी हरेली के दिन प्रारंभ होगी।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में हरेली त्यौहार को खास बनाने, वन विभाग रायगढ़ एवं धरमजयगढ़ द्वारा बड़ी मात्रा में गेड़ी बनाया जा रहा हैं। ताकि ग्रामीण अंचल के साथ शहरवासी भी गेड़ी का आनंद ले सकें। जिससे गेड़ी जैसी लोकप्रिय खेल सामग्री विक्रय के लिए अब सी–मार्ट में आसानी से उपलब्ध है। इसके साथ ही कलेक्टर सिन्हा ने सभी सीईओ जनपद को स्थानीय स्तर पर भी वन विभाग द्वारा तैयार करवाई गई गेड़ी उपलब्ध करवाने को कहा हैं। ताकि ग्रामीण छत्तीसगढ़ियां ओलम्पिक के साथ हरेली पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया जा सके।

### सी-मार्ट में गेड़ी देखकर हुयी खुशी, बेटी के लिए खरीदी गेड़ी

रायगढ़ की श्रीमती ज्योति साहू अपनी बेटी के लिए सी–मार्ट में गेड़ी खरीदने आयी थी। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि राज्य शासन द्वारा पारंपरिक छत्तीसगढ़ियां पर्व को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वे बचपन में गेड़ी का आनंद उठा चुकी है, लेकिन आज के बच्चे गेड़ी को जानते भी नहीं है। लेकिन जिला प्रशासन की पहल पर आज गेड़ी सी–मार्ट में उपलब्ध है, जिसके कारण बच्चों के साथ बड़ों में भी गेड़ी के प्रति उत्साह देखी जा रही है।

### हरेली में गेड़ी खरीदी को लेकर दिख रहा उत्साह, अच्छी हो रही खरीदी

*सी–मार्ट के मैनेजर पुष्पेंद्र साहू ने बताया कि जिले के धरमजयगढ़ एवं रायगढ़ वन मंडल से गेड़ी आ रही रही हैं। जिसकी कीमत 60 एवं 120 रुपए है। वर्तमान में 150 से अधिक गेड़ी का विक्रय किया जा चुका हैं, इसमें सभी उम्र के लोग गेड़ी खरीदने आ रहे हैं। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ियां ओलम्पिक के लिए बड़ी संख्या में जनपदों से ऑर्डर आ रहे हैं। गेड़ी के अलावा यहां भौरा, बांटी, रस्सी भी उपलब्ध किया गया हैं।*

## राजकुमार राव की स्त्री 2 का नया वीडियो आया सामने



राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की स्त्री 2018 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। महज 14 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 129.90 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। पिछले कुछ दिनों से स्त्री के सीक्वल की जबरदस्त चर्चा हो रही है। अब निर्माताओं ने स्त्री की रिलीज तारीख से पर्दा उठा दिया है। यह फिल्म अगस्त, 2024 को रिलीज होगी। इसके साथ स्त्री 2 का नया वीडियो भी सामने आ चुका है। मैडॉक फिल्म्स ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर स्त्री 2 का नया वीडियो साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, एक बार फिर चंदेरी में फैला आतंक। स्त्री 2 का फिल्मांकन शुरू। आ रही है वो- अगस्त 2024। स्त्री 2 में श्रद्धा और राजकुमार के अलावा पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना और अभिषेक बनर्जी जैसे कलाकार नजर आएंगे।



## कृतिका देसाई ने गौना में अपनी भूमिका के लिए रतन राजपूत से ली प्रेरणा

अभिनेत्री कृतिका देसाई, जो 'गौना एक प्रथा' में मुख्य भूमिका में नजर आएंगी, ने कहा कि उन्होंने भाषण बारीकियों को समझने के लिए रतन राजपूत के शो से प्रेरणा ली है।

'गौना एक प्रथा' की कहानी बिहार के एक सुदूर गांव की रहने वाली गहना (कृतिका द्वारा अभिनीत) के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसकी शादी बहुत कम उम्र में उसके बचपन के सबसे अच्छे दोस्त गौरव से हो गई थी। हालांकि, गौना समारोह के बिना उनका मिलन अधूरा रहता है।

गहना अपने पति को खोजने और गौना पूरा करने के लिए निकलती है, और उसे एक महत्वाकांक्षी महिला, उर्वशी से सामना होता है।

अपनी तैयारी के बारे में बात करते हुए, अभिनेत्री ने साझा किया, हालांकि वास्तविक जीवन में मेरे चरित्र गहना के साथ कई समानताएं हैं, लेकिन बोली में सुधार करना मेरी एकमात्र चुनौती थी। फिर भी, दर्शकों के साथ गहराई से जुड़ने के लिए मैं दृढ़ संकल्पित हूं, इसलिए मैं कड़ी मेहनत कर रही हूं — अपने उच्चारण को निखारने और अपने भाषा कौशल को बेहतर बनाने के लिए बिहार के एक दोस्त से मदद मांगी है।

उन्होंने कहा, इसके अलावा, भाषण बारीकियों को समझने के लिए मैं रतन राजपूत का शो देख रही हूं। एक नई बोली सीखना और इन विवरणों पर ध्यान देना एक बेहद आनंददायक अनुभव रहा है। मुझे पूरी उम्मीद है कि मेरे प्रयास दर्शकों का प्यार और ध्यान आकर्षित करेंगे।

शो में पापिया सेनगुप्ता, निशिकांत दीक्षित और नम्रता कपूर भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। यह सोमवार से शेमारू उमंग पर प्रसारित हो रहा।


## फ्लोरल गाउन और किलर स्माइल से जाह्नवी कपूर ने लूटी महफिल, इंटरनेट पर फैंस ने लुटाया बेशुमार प्यार

एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर की लेटेस्ट तस्वीरें सोशल मीडिया पर कहर बरपाए हुए हैं। फ्लोरल गाउन में एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर अपने किलर पोज से फैंस के दिलों पर बिजलियां गिरा रही हैं। एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर फ्लोरल गाउन में बेहद ही कातिलाना अंदाज में नजर आ रही हैं। उनकी ग्लैमरस तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं।

एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर अपनी कातिलाना स्माइल से फैंस के दिलों को बेताब किए हुए हैं। उनकी ये तस्वीरें सोशल मीडिया का पारा हाई किए हुए हैं। सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर की ये तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं। फैंस उनकी तस्वीरों पर बेशुमार प्यार लुटा रहे हैं। एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर जल्द ही एक्टर वरुण धवन के साथ फिल्म बवाल में नजर आने वाली हैं। एक्ट्रेस ने इस फोटोशूट के दौरान कई कातिलाना पोज दिए, जिन्हें देखकर फैंस उनकी काफी तारीफ कर रहे हैं। एक्ट्रेस जान्हवी कपूर इस आउटफिट में एक्ट्रेस बेहद ही कमाल लग रही हैं। ज्यादातर सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने वाली एक्ट्रेस जान्हवी कपूर कर्वी फिगर से फैंस की धड़कनें बढ़ा रही हैं। एक्ट्रेस जान्हवी कपूर के वर्कफ्रंट की बात करें तो मिली और ओटीटी फिल्म गुड लक जैरी में नजर आई थीं। एक्ट्रेस जान्हवी कपूर इस बोल्ड लुक में काफी हॉट एंड ग्लैमरस दिखने के साथ बेहद ही खूबसूरत लग रही हैं।




## रॉकी और रानी की प्रेम कहानी से आलिया भट्ट ने साझा की नई झलकियां



करण जौहर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी को लेकर सुर्खियों में हैं। यह फिल्म इसलिए ज्यादा खास क्योंकि रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के जरिए वो लगभग 7 साल के लंबे अंतराल के बाद निर्देशन की दुनिया में वापसी कर रहे हैं। इसमें रणवीर सिंह और आलिया भट्ट की जोड़ी बनी है। अब आलिया ने अपने नए ब्लॉग के जरिए रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की ताजा झलकियां साझा की हैं। आलिया ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की झलकियां साझा की है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, मेरा अब तक का पहला गीत व्लॉग यूट्यूब पर उपलब्ध है। अभी जाकर देखें। रॉकी और रानी की प्रेम कहानी 28 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए एकदम तैयार है। इसमें धर्मेंद्र, जया बच्चन और शबाना आजमी भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। फिल्म में लोकप्रिय कॉमेडियन भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया की भी कैमियो होगा। इस फिल्म के जरिए आलिया और रणवीर ने दूसरी बार साथ काम किया है। इससे पहले दोनों फिल्म गली बॉय के लिए साथ आए थे। फिल्म में धर्मेंद्र, जया बच्चन और शबाना आजमी भी हैं। धर्मेंद्र सालों बाद इसके जरिए बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। करण फिल्म में अपने चहिते निर्देशक यश चोपड़ा को श्रद्धांजलि देंगे।

## 24 घंटों में जवान के ट्रेलर को मिले 100 मिलियन से ज्यादा व्यूज




जवान का ट्रेलर 10 जुलाई को सुबह 10.30 बजे रिलीज़ हुआ। इस फिल्म के प्रदर्शन में अब दो महीने से कम का समय बचा है और यह इंटरनेट की दुनिया में ट्रेंड कररही है। शाहरुख खान और नयनतारा अभिनीत एटली निर्देशित जवान केट्रेलर को तीन भाषाओं - हिंदी, तेलुगु और तमिल में जारी किया गया और यह जारी होने के बाद से सबसे ज्यादा देखे जाने वाले वीडियो में से एक है। ट्रेलर सभी प्लेटफार्मों पर 100 मिलियन व्यूज को पार करने में सफलतापूर्वक कामयाब रहा है। अब तक इस ट्रेलर को 100 मिलियन से ज्यादा बार देखा जा चुका है। एटली की फिल्म का ट्रेलर सोमवार को विभिन्न प्लेटफार्मों पर जारी किया गया और 112 मिलियन बार देखा गया! हिंदी, तेलुगु और तमिल भाषाओं में व्यूज की संख्या को मिलाकर, ट्रेलर यूट्यूब पर ही 60 मिलियन व्यूज का आंकड़ा छूने के लिए तैयार है।

## फिल्म सत्यप्रेम की कथा बनी 100 करोड़ी, कार्तिक-कियारा




फिल्म सत्यप्रेम की कथा जब से रिलीज हुई है, लगातार सुर्खियों में है। फिल्म की कहानी के साथ-साथ इसके किरदारों को भी दर्शकों ने सराहा है। समीक्षकों से भी फिल्म को भरपूर प्यार मिला है। बॉक्स ऑफिस पर पहले ही दिन फिल्म ने अपना कमाल दिखा दिया था। अब जो खबर आ रही है, उससे बेशक इस फिल्म के प्रशंसक खुशी से झूम उठेंगे। दरअसल, फिल्म ने दुनियाभर में 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। फिल्म में कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की जोड़ी बनी है और उनकी केमिस्ट्री पर दर्शकों ने जमकर प्यार बरसाया है। कियारा-कार्तिक ने फिल्म को प्यार देने के लिए सोशल मीडिया पर दर्शकों का शुक्रिया अदा किया है। कियारा ने फिल्म का पोस्टर साझा कर लिखा, फिल्म को ढेर सारा प्यार देने के लिए शुक्रिया, वहीं कार्तिक ने लिखा, 100 करोड़ के प्यार के लिए धन्यवाद। इस पर एक फैन ने लिखा, सत्तू (कार्तिक) से सत्यप्रेम हो गया है सबको।

समीर विद्वांस के निर्देशन में बनी यह फिल्म 29 जून को सिनेमाघरों में आई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने भारत में लगभग 70 करोड़ रुपये कमा लिए हैं और दुनियाभर में 100 करोड़ रुपये के क्लब में एंट्री ले ली है। इसकी कहानी बेरोजगार सत्तू (कार्तिक) और कथा (कियारा) की प्रेम कहानी पर आधारित है। सत्तू को कथा से प्यार हो जाता है, लेकिन कथा अपने मन में कोई राज रखती है, जिसका पर्दाफाश शादी के बाद होता है।

# खेल

## विमेंस ऐशेज...रोमांचक मुकाबले में 2 विकेट से जीता इंग्लैंड




ब्रिस्टल। विमेंस ऐशेज में इंग्लैंड ने वनडे सीरीज का पहला मुकाबला 2 विकेट से जीत लिया। बुधवार को खेले गए रोमांचक मुकाबले में इंग्लैंड ने 264 रन का टारगेट 48.1 ओवर में चेज किया। ये इंग्लैंड का वनडे फॉर्मेट में सबसे बड़ा चेज रहा। इंग्लैंड की कप्तान हीथर नाइट ने 75 रन की नॉटआउट पारी खेली और अपनी टीम को जीत दिलाई। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

पहले वनडे में जीत के बाद इंग्लैंड ने ऐशेज की मल्टी फॉर्मेट सीरीज में 6-6 की बराबरी हासिल कर ली है। वनडे सीरीज के 2 मैच बाकी हैं। दोनों मैच जीतने वाली टीम ऐशेज जीत जाएगी, वहीं एक-एक मैच जीतने पर सीरीज ड्रॉ पर खत्म होगी।

### ऑस्ट्रेलिया को 6 साल बाद वनडे में हराया

इंग्लैंड की टीम ऑस्ट्रेलिया को 6 साल बाद कोई वनडे मैच हराने में कामयाब रही। टीम को आखिरी जीत 29 अक्टूबर 2017 को कॉफ्स हार्बर मैदान पर मिली। उसके बाद दोनों टीमों में 8 वनडे हुए, सभी में ऑस्ट्रेलिया को ही जीत मिली।

ऑस्ट्रेलिया टीम को वनडे में 2 साल बाद किसी टीम से हार मिली। इससे पहले सितंबर 2021 में भारत ने टीम को 2 विकेट से हराया था। टीम ने उसके बाद 15 वनडे खेले और सभी जीते। उन्हें अब जाकर इंग्लैंड ने भी 2 ही विकेट से हराया।



हीथर नाइट

75* रन | 86 बॉल | 6/1 4/6 | 87.20 स्ट्राइक रेट

**6 साल बाद ऑस्ट्रेलिया को वनडे में हराया**

### ऑस्ट्रेलिया को मिली अच्छी शुरुआत

ब्रिस्टल के काउंटी ग्राउंड पर टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी ऑस्ट्रेलिया विमेंस टीम ने 8 रन के स्कोर पर ही कप्तान एलिसा हीली का विकेट गंवा दिया। हीली 4 बॉल में 8 रन बनाकर LBW हुईं। उनके बाद फीब लीचफील्ड ने एलिस पेरी के साथ 61 रन की पार्टनरशिप की। लीचफील्ड 34 रन बनाकर आउट हो गईं। उनके बाद पेरी ने 41 रन बनाए और बेथ मूनी के साथ 37 रन जोड़े।

### बेथ मूनी ने 81 रन की नॉटआउट पारी खेली

*नंबर-4 पर उतरीं बेथ मूनी ने ताहलिया मैक्ग्रा (24 रन) के साथ 38 और एश्ले गार्डनर (21 रन) के साथ 41 रन की पार्टनशिप की। एनाबेल सदरलैंड अपना खाता खोले बगैर आउट हो गईं। उनके बाद उतरीं जेस जोनासेन (30 रन) ने मूनी के साथ 55 रन की पार्टनशिप की। आखिरी में जॉर्जिया वेयरहैम 12 रन बनाकर आउट हुईं और मीगन शट 3 रन बनाकर नॉट आउट लौटीं।*

## एक नजर

### विम्बलडन में भारत के रोहन बोपन्ना सेमीफाइनल में पहुंचे

*जोड़ीदार एबडेन के साथ ग्रिक्सपुर और स्टीवंस की डच जोड़ी को हराया; जोकोविच-अलकारेज सेमीफाइनल में*



**लंदन।** भारतीय मेंस डबल्स प्लेयर रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन ने विम्बलडन में अपना सफर जारी रखते हुए बुधवार को सेमीफाइनल में जगह बनाई। डबल्स पेयर ने टालोन ग्रिक्सपुर और स्टीवंस की डच जोड़ी को मुश्किल मुकाबले में 6-7 (6-3) 7-5 6-2 से हराया।

#### तीसरी बार विम्बलडन का सेमीफाइनल खेलेंगे बोपन्ना

रोहन बोपन्ना तीसरी बार विम्बलडन का सेमीफाइनल खेलेंगे। इससे पहले आखिरी बार 2015 में बोपन्ना सेमीफाइनल में पहुंचे थे। 2010 में यूएस ओपन रनरअप सहित बोपन्ना ने मेंस डबल्स में चार ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में जगह बनाई है।

छठी रैंक वाली इंडो-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी अब फाइनल में जगह बनाने के लिए टॉप रैंक डच-ब्रिटिश जोड़ी वेस्ले कूलहोफ और नील स्कुपस्की के खिलाफ सेमीफाइनल में खेलेंगे।

#### मेदवेदेव के खिलाफ सेमीफाइनल खेलेंगे अलकारेज

कार्लोस अलकारेज ने क्वार्टरफाइनल में होल्गर रून को सीधे सेटों में हरा दिया और गत चैंपियन नोवाक जोकोविच के खिलाफ विंबलडन खिताब की दौड़ में बने रहे। टॉप सीड ने सेंटर कोर्ट पर क्वार्टर फाइनल के दौरान इम्पोर्टेन्ट टाइम में जीत हासिल की और 7-6 (7/3), 6-4, 6-4 से जीत हासिल की। अलकारेज सेमीफाइनल में रूस के वर्ल्ड रैंकिंग में तीसरे नंबर के खिलाड़ी डेनियल मेदवेदेव से भिड़ेंगे।

## अश्विन 700+ इंटरनेशनल विकेट लेने वाले तीसरे इंडियन

**डोमिनिका।** भारत-वेस्टइंडीज में पहले टेस्ट का पहला दिन टीम इंडिया के ऑफ स्पिन रविचंद्रन अश्विन के नाम रहा। उन्होंने टेस्ट करियर में 33वीं बार 5 विकेट लिए, जिसके चलते विंडीज टीम 150 रन पर ही ऑलआउट हो गई। पारी में सबसे ज्यादा 5 या उससे ज्यादा विकेट लेने गेंदबाजों में अश्विन ने जेम्स एंडरसन को पीछे छोड़ा। अश्विन ने अपने इंटरनेशनल करियर में 700 विकेट पूरे किए। इसी के साथ वह सबसे ज्यादा 96वे बोल्ड करने वाले भारतीय भी बने। उन्होंने अनिल कुंबले का रिकॉर्ड तोड़ा। मैच के पहले दिन ऐसे ही और भी कई रिकॉर्ड्स बने, जिन्हें आगे स्टोरी में हम जानेंगे...

अश्विन के 702 इंटरनेशनल विकेट, डेल स्टेन से आगे निकले




रविचंद्रन अश्विन ने पहली पारी में 5 विकेट लिए। उनके नाम 702 इंटरनेशनल विकेट हो गए। तीनों फॉर्मेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में अश्विन 16वें नंबर पर पहुंच गए। उन्होंने साउथ अफ्रीका के दिग्गज तेज गेंदबाज डेल स्टेन (699 विकेट) को पीछे छोड़ा। वे 700+ विकेट लेने वाले तीसरे ही भारतीय गेंदबाज बने। उनसे पहले अनिल कुंबले (956 विकेट) और हरभजन सिंह (711 विकेट) ही ऐसा कर सके हैं।

### 33वीं बार पारी में 5 विकेट लिए, एंडरसन को पीछे छोड़ा

*अश्विन टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा 5 विकेट लेने वाले गेंदबाजों में छठे छठे नंबर पहुंच गए। उनके 93 टेस्ट की 33 पारियों में 5 या उससे ज्यादा विकेट हैं। उन्होंने इंग्लैंड के तेद गेंदबाज जेम्स एंडरसन (32) को पीछे छोड़ा। सबसे ज्यादा बार पारी में 5+ विकेट लेने का रिकॉर्ड श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन के नाम है।*

## कोवई किंग्स ने जीता TNPL-2023 का टाइटलरॉयल किंग्स को 104 रन से हराया

### अजितेश ने ऑरेंज और शाहरुख ने पर्पल कैप जीती

तमिलनाडु प्रीमियर लीग 2023 के फाइनल मुकाबले में लाइका कोवई किंग्स ने नेल्लई रॉयल किंग्स को 104 रन से हराकर खिताब जीत लिया है। तिरुनेलवेली में खेले गए फाइनल मुकाबले में कोवई किंग्स ने 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 205 रन बनाए

लक्ष्य का पीछा करने उतरी रॉयल किंग्स की टीम महज 15 ओवर में 101 रन पर ही ऑल आउट हो गई। LKK के कप्तान शाहरुख खान ने पर्पल कैप और NLR के अजितेश गुरुस्वामी ने ऑरेंज कैप जीती।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी कोवई किंग्स को पहला झटका 9 रन पर लगा, टीम ने 31 रन तक अपने 2 विकेट खो दिए। खराब शुरुआत के बाद सुरेश कुमार (57), यू मुकिलेश (51*) और अतीक उर रहमान (50) ने अर्धशतक लगाए और टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया। रॉयल किंग्स के लिए संदीप वॉरियर और एनएस हरीश ने 2-2 विकेट लिए। वहीं मोहन प्रसाद को 1 विकेट मिला।



लक्ष्य का पीछा करने उतरी रॉयल किंग्स टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने 57 रन के स्कोर पर ही 4 विकेट खो दिए थे। रॉयल किंग्स के लिए कप्तान अरुण कार्तिक ने सबसे ज्यादा 27 रन बनाए। उनके अलावा लक्ष्मेश सूर्यप्रकाश ने 22 और एम पोइयामोझी ने 19 रन बनाए।

कोवई किंग्स की ओर से जे सुब्रमण्यन ने चार, शाहरुख खान ने तीन विकेट लिए। वहीं गौतम थमराई कन्नन, मणिमरन सिद्धार्थ, एम मोहम्मद का एक-एक विकेट मिला।

## भारत को 21 साल से टेस्ट नहीं हरा पाया वेस्टइंडीज

टीम इंडिया आज से वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 टेस्ट की सीरीज का पहला मुकाबला खेलेगी। टेस्ट के बाद 3 वनडे और 5 टी-20 भी होंगे। वनडे वर्ल्ड कप के अहम साल में टीम एक महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ क्रिकेट खेलेगी। उसी वेस्टइंडीज के खिलाफ जो वर्ल्ड कप के क्वालिफायर स्टेज तक को पार नहीं कर सकी।

वेस्टइंडीज अक्टूबर 2002 से भारत को एक भी टेस्ट मैच नहीं हरा सका। अन्य टीमों के खिलाफ भी कैरेबियाई टीम बहुत अच्छा खेल नहीं दिखा पाती है। इस टीम के हालात हमेशा से इतने खराब नहीं रहे। 1975 से 1995 तक कैरेबियाई टीम ने कमाल का खेल दिखाया था और वनडे-टेस्ट दोनों फॉर्मेट में सबसे आगे रही।

# खस्ताहाल सड़क व तेज रफ्तार बॉक्साइट परिवहन बना जानलेवा

## सड़क में आवागमन चालू करना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती

जोहार छत्तीसगढ़- कुसमी।

कुसमी मुख्य मार्ग पर बुधवार मध्यरात सड़क दुर्घटना में 40 वर्षीय एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत मौके पर हो गई। मामले में अज्ञात वाहन के खोजबीन में पुलिस प्रशासन इस दुर्घटना की सुचना मिलने पर रात से ही जुट गई। वहीं इस सड़क हादसे की जानकारी कुसमी नगर में फैलते ही शव को यथावत रख कर गुस्सा, स्थानीय लोगों ने रात में ही प्रदर्शन शुरू कर दिया। तथा सभी एक राय होकर मृतक के परिजनों को मुआवजा दिलाने की मांग करने लगे। परिस्थितियों को भापते हुए रात में ही तत्कालीन सहायता के लिए मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अमला द्वारा मृतक के परिजनों को पच्चीस हजार रूपये नगद तत्कालीन राशि देकर सहयोग प्रदान की गई। उल्लेखनीय हैं की चांदो क्षेत्र के ग्राम पंचायत जोधपुर निवासी अजय दुबे पिता इंद्रदेव दुबे 40 वर्ष किसी आवश्यक कार्य से कुसमी आए हुए थे। देर रात करीब 10 बजे स्वामी आत्मानंद स्कूल के सामने संचालित ढाबा से निकल कर



अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर जैसे ही सामरी रोड़ पर स्थित अपने किराए के मकान में आने के लिए निकले थे। इसी दौरान भुतपूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष ममता पैंकरा के घर के सामने कई महीनों से निर्माणाधीन स्तर पर पड़े सड़क पर सामरी क्षेत्र से बॉक्साइट लोड कर आप रहे ट्रक की चपेट में आकर मौके पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना की सुचना फैलते ही स्थानीय लोगों का हुजूम उक्त स्थल पर जुट गया। गुस्सा, लोगों ने तत्काल चक्का जाम कर घटना के प्रति शोक व्यक्त करते हुए

**बाईक सवार की मौत के बाद बवाल, घंटो रहा चक्का। जाम**

अज्ञात वाहन को पकड़े जाने, हिंडालको से जारी राशि द्वारा लोक निर्माण विभाग की देखरेख में कई वर्षों से निर्मित बाई पास सड़क से भारी वाहन ट्रकों व बॉक्साइट ट्रकों का आवागमन चालू किए जानेए वर्षों से राजपुर कुसमी सड़क निर्माण में लापरवाही करने वाले विभाग व ठेकेदार पर कार्यवाही किए जाने सहित मृतक के परिजनों को हिंडालको द्वारा मुआवजा व नौकरी दिए जाने की मांग पर अड़ गए, इस बिच करीब ढाई घंटे तक आवागमन बाधित रहा।



### परिजनों को पच्चिस हजार का आर्थिक सहयोग, जरुरी सेवाएं छोड़ आवागमन किया बाधित

इस बिच प्रशासनिक अधिकारीयों में एसडीएम अनमोल विवेक टोप्पो, एसडीओपी रितेश चौधरी, तहसीलदार शशिकांत दुबे व वर्तमान थाना प्रभारी एस आई कोमल तिग्गा दल बल सहित इस दुर्घटना स्थल पर पहुंच कर लोगों को शांति व्यवस्था बनाए रखने अपील करने लगे। प्रशासनिक अमला के उपस्थिति में ही स्थानीय लोगों ने पुराने टायर को आग के हवाले कर जमकर हंगामा किया और जरूर सेवाओं को छोड़कर बाकि के वाहन को बाधित कर दिया। कुछ ही देर में मृतक के परिजन पहुंच गए जो इस दुर्घटना को देख सुन शोक में डूब गए। परिजनों को सभी प्रशासनिक अमला के बीच तहसीलदार द्वारा तत्कालीन सहायता के रूप में पच्चिस हजार रूपये नगद देकर प्रशासन द्वारा अन्य सहयोग दिलाये जाने का प्रयास करने का आश्वासन दिया गया। जिसके बाद एम्बुलेंस की सहायता से मृतक के शव को कुसमी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मर्चयूरी में रात भर रखा गया। अगले दिन सुबह पीएम के बाद मृतक के परिजनों को शव सौप दिया गया। परिजनों के अनुसार मृतक अजय दुबे का पैतृक घर झारखण्ड राज्य के गढ़वा के पास गांव में हैं जहां अंतिम संस्कार किया जायेगा।

### आरोपित वाहन पुलिस गिरफ्त से बाहर

वहीं पुलिस द्वारा दुर्घटना के अगले दिन शाम तक मोटरसाइकिल सवार युवक को ठोकर मारने वाले अज्ञात वाहन को नहीं पकड़ा गया हैं। प्रत्यक्ष दर्शीयो के अनुसार बॉक्साइट परिवहन में लगे एक ट्रक तेज रफ्तार से ठोकर मार कर शंकरगढ़ की ओर भाग निकला। सूचना पर एसडीओपी कुसमी ने रात में ही उक्त मार्ग के थाना शंकरगढ़ व अन्य थाना में जानकारी देकर चेकिंग करने का निर्देश दिया। पुलिस द्वारा उपस्थित लोगों को रात में ही कई आश्वासन दी तों गई पर अगले दिन समाचार लिखें जाने तक आरोपित वाहन पुलिस गिरफ्त से बाहर था। बहरहाल कुसमी पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना जारी रखा हैं।

** इस मामले में एसडीओपी कुसमी रितेश चौधरी ने कहा विवेचना जारी हैं। आस-पास के सीसी टीव्ही फुटेज को खंगाला जा रहा हैं। आरोपी वाहन की पतासाझी की जा रहीं हैं।*

## एक नजर

### जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन हेतु 4 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में हुए जनहानि के 1 मामले में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत बागबहार विकासखंड के ग्राम, काडरो निवासी मृतिका स्व.तरसीला का सर्पदंश से 8 अगस्त 2022 को मृत्यु हो जाने के कारण मृतिका के निकटतम वारिस मृतिका के पुत्र रोमेल हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई हैं।

### निर्वाचन के दौरान विभिन्न गतिविधियों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. रवि मित्तल ने निर्वाचन के दौरान विभिन्न गतिविधियों के लिए विभिन्न अधिकारियों को नोडल नियुक्त किया है। जिसके अंतर्गत मैनपॉवर प्रबंधन के लिए अपर कलेक्टर एवं कार्यपालन अभियंता प्रधानमंत्री ग्रा.स.योजना को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी प्रकार प्रशिक्षण सामग्री प्रबंधन के लिए सहायक संचालक कौशल विकास एवं श्रम पदाधिकारी, ट्रांसपोर्ट प्रबंधन के लिए जिला परिवहन अधिकारी, कम्प्यूटरीकरण साइबर सुरक्षा और आई.टी के लिए डीआईओ एनआईसी, लॉ एण्ड आर्डर व्हीआईएम, सुरक्षा व्यवस्था एवं एमसीसी के लिए अपर कलेक्टर,ई.व्ही.एम. प्रबंधन के लिए जिला रोजगार अधिकारी एवं कार्यपालन अभियंता मुख्यमंत्री ग्रा.स.योजना, व्यय निगरानी एवं मतपत्र, डाक मतपत्र और ईटीबीपीएस के लिए जिला कोषालय अधिकारी, मीडिया के लिए सह-संचालक जनसंपर्क, संचार योजना के लिए ई-जिला प्रबंधक, मतदाता सूची के लिए एसडीएम जशपुर, एसडीएम कुनकुरी, एसडीएम पत्थलगांव, शिकायत निवारण और मतदाता हेल्पलाईन के लिए जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी तथा ऑब्जर्वर के लिए जिला खाद्य अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

### जिले में 1 जून से अब 265-4 मिमी वर्षा

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।

जशपुर जिले में 1 जून से अब तक 265-4 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 13 जुलाई तक औसत वर्षा 279-5 मिमी हुई है। बीते दिवस जिले में 0-0 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक तहसील जशपुर में 265-8 मिमी, मनोरा में 342-5 मिमी, कुनकुरी में 319-0 मिमी, दुलदुला में 245-7 मिमी, फरसाबहार में 146-1 मिमी, बगीचा में 340-9 मिमी, कांसाबेल में 130-3 मिमी, पत्थलगांव में 267-9 मिमी एवं सन्ना में 330-3 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा मनोरा तहसील में दर्ज की गई है।

### मानिकपुर में स्थित कोरबा-उरगा रेलवे फाटक आज रहेगा बंद

जोहार छत्तीसगढ़- कोरबा।

कोरबा-उरगा के मध्य कोरबा ईस्ट केबिन मानिकपुर में स्थित मानव युक्त रेलवे समपार 14 जुलाई को सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक गेट में आवश्यक मरम्मत काम के कारण सड़क मार्ग के यातायात के लिए बंद रखा जाएगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने इसके लिए सूचना भी जारी कर दी है। इस अवधि में फाटक रोड जो समपार रेलवे फाटक क्रमांक सीजी 26 कि.मी. 702/02-04 कोरबा-उरगा के मध्य कोरबा, ईस्ट केबिनद्ध में स्थित सड़क मार्ग में यातयात अवरूद्ध रहेगा। इस दौरान परिवर्तित मार्ग सीजी 29, सिटी गेट कि.मी. 704/34-36 में निर्मित फ्लाईओवर ब्रिज से एवं नहर फाटक सीजी 28कि.मी. 704/1-3 से यात्रा कर सकते हैं। भारी वाहन सीजी 23 कि.मी. 697/20-22 में स्थित रिंग रोड से कर सकते हैं।

### प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 11 वीं में लेटरल एन्ट्री के माध्यम से प्रवेश

16 जुलाई को होगी चयन परीक्षा

जोहार छत्तीसगढ़- कोरबा।

प्रयास आवासीय विद्यालयों में वर्ष 2023.24 में कक्षा 11वीं की रिक्त सीटों पर लेटरल एन्ट्री के माध्यम से प्रवेश के लिए 16 जुलाई को प्रातः 11 बजे चयन परीक्षा आयोजित की गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जिन अभ्यर्थियों के फॉर्म स्वीकृत हुए हैं वे ऑनलाइन वेबसाइट पर जाकर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। साथ ही जिन विद्यार्थियों के फॉर्म अस्वीकृत हुए हैं वे उक्त वेबसाइट की सहायता से अपने फॉर्म के अस्वीकृति की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में समस्या होने अथवा प्रवेश पत्र प्राप्त न कर पाने की स्थिति में अभ्यर्थी परीक्षा तिथि को परीक्षा केंद्र से प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

## सेजेस बालको स्कूल में मतदाता जागरूकता अभियान

जोहार छत्तीसगढ़- कोरबा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव झा के निर्देशन में व स्वीप जिला नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप के मार्गदर्शन में स्वामी आत्मानंद स्कूल बालकों में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे युवा छात्र-छात्राओं को मतदान करने के लिए जागरूक एवं प्रेरित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उप जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज खाण्डे कार्यक्रम में उपस्थित थे। उप जिला स्वीप नोडल अनिल रात्रे द्वारा अच्छे मतदाता बनने के लिए फार्म 6, 7 एवं 8 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। स्वीप आइकन नेहा जायसवाल अन्तर्राष्ट्रीय बेसबाल खिलाडी द्वारा सभी को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं को मतदान से संबंधित जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी संजय अग्रवाल, निर्वाचन कार्यालय से भारद्वाज एवं योगेश नारंग उपस्थित थे। प्राचार्या मनोकामता पाल द्वारा आभार व्यक्त किया गया।




## अवैध निर्माणों के नियमितीकरण हेतु अंतिम तिथि में की गई वृद्धि

* नियमितिकरण के आवेदन अब 13 अगस्त तक कर सकते हैं जमा

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।

कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला नियमितिकरण प्राधिकारी डॉ. रवि मित्तल के द्वारा शासन की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ अधिक से अधिक आमजनों तक पहुचानें के लिए नियमितीकरण के आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि में 30 दिन की वृद्धि की गई है। इस हेतु जिला नियमितिकरण प्राधिकारी के सचिव एवं सहायक संचालक नगर तथा ग्राम निवेश अधिकारी ने जिले के सर्व साधारण को समस्त विकासकर्ता व निर्माणकर्ता नियमितिकरण के आवेदन 13 अगस्त तक कार्यालय में जमा करने के लिए सूचित किया है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ अनधिकृत विकास का नियमितिकरण,संशोधनद्ध अधिनियम 2022 के तहत 14 जुलाई 2022 से एक वर्ष के भीतर आवेदन प्राप्त किया जाना है। जिसमें 14 जुलाई तक अस्तित्व में आये आवासीय एवं गैर आवासीय तथा भूमि उपयोग का परिवर्तन कर किए गए, अनधिकृत निर्माण का नियमितिकरण किया जाना है। उक्त अधिनियम व प्रावधानों के तहत नियमितिकरण हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 13 जुलाई 2023 है।

## असंगठित कर्मकार मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के तहत जिले के हितग्राहियों को किया जा रहा लाभान्वित

योजना के तहत पंजीकृत 10 श्रमिकों के मृत्यु उपरांत परिजनों हेतु 10 लाख रूपए

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।

श्रम विभाग के अंतर्गत् छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सुरक्षा मंडल अंतर्गत संचालित असंगठित कर्मकार मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के तहत् जिले के पंजीकृत श्रमिकों के मृत्यु उपरांत उनके परिजनों को लाभांवित किया गया है। कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के मार्गदर्शन में श्रम विभाग के द्वारा असंगठित कर्मकार मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना में पंजीकृत 10 श्रमिकों के मृत्यु उपरांत उनके उत्तराधिकारियों को 1 लाख के मान से कुल 10 लाख रूपए आर.टी.जी.एस के माध्यम से हस्तांतरित किया गया है। श्रम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने हेतु श्रम विभाग व लोक सेवा केन्द्र तथा व्हीएलई के माध्यम से दस्तावेजों के साथ पंजीयन करा सकते हैं। उक्त संबंध में अधिक जानकारी के लिए कल्याण अधिकारी ज्ञानवन्त पाण्डेय मोबाईल नम्बर 7999257119 एवं कल्याण निरीक्षक अभिषेक यादव मोबाइल नम्बर 9111122448 से सम्पर्क कर सकते हैं।

## नवीन महाविद्यालय सन्ना में लर्निंग लाइसेंस शिविर का हुआ आयोजन

शिविर में 94 आवेदन का निराकरण कर जारी किया गया है लर्निंग लाइसेंस

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।



जिला परिवहन विभाग द्वारा 12 जुलाई को नवीन महाविद्यालय सन्ना में लर्ननिंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों को सड़क सुरक्षा एवं वाहन चलाने संबंधी नियमों की जानकारी दी गई। कॉलेज के छात्रों ने सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी लेकर लर्निंग लाइसेंस का लाभ लिया। परिवहन अधिकारी ने बताया कि शिविर में कुल 94 आवेदन प्राप्त हुए। जिसका निराकरण कर आवेदकों को तत्काल लर्निंग लाइसेंस जारी किया गया है। साथ ही सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए दिशा-निर्देश पम्पलेट का वितरण किया गया।

सफलता की कहानी

## महिलाओं को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने के लिए छत्तीसगढ़ शासन और जिला प्रशासन के द्वारा हर सम्भव प्रयास किया जा रहा हैं

ग्रामीण क्षेत्र के महिलाएं स्व सहायता समूह से जुड़कर बन रहे आत्मनिर्भर

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।

छ.ग. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत गरीब महिलाओं को एक स्व सहायता समूह के रूप में संगठित किया जा रहा है साथ ही उन्हें प्रेरित कर क्षमतावर्धन आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान कर स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है। आज महिलाएं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना से जुड़कर स्वरोजगार की ओर अग्रसर होते हुए अपने सपने के पंख का स्वरूप देकर नई उड़ान की ओर तैयार हैं। इन महिलाओं को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्य शासन और जिला प्रशासन के द्वारा हर सम्भव प्रयास किया जा रहा हैं। इसी कड़ी में मनोरा विकाखण्ड के ग्राम पंचायत मनोरा में गणेश स्व-सहायता समूह की 10 महिलायें मछली पालन का कार्य रही है। इस कार्य के लिए इन्होने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना अंतर्गत 3 लाख बैंक लिंकेज प्राप्त कर मछली पालन का कार्य कर रही है और यह कार्य विगत 3 वर्षो से कर रहे है। गणेश स्व-सहायता समूह मनोरा द्वारा अब तक 18 क्विंटल मछली बिक्री कर 3 लाख 60 हजार रूपये का आय अर्जित किया है। इनकी सफलता को देखकर अन्य समूह की महिलायें भी अपनी आजीविका को वृहद् रूप देने के लिए आगे आ रही है। स्व सहायता समूह की महिलाओं ने छत्तीसगढ़ शासन और जिला प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि बिहान योजना जरूरतमंदों के लिए आशा की किरण लेकर आयी है।



*** मनोरा में गणेश स्व-सहायता समूह की 10 महिलाएं कर रही है मछली पालन का कार्य**

*** अब तक 18 क्विंटल मछली बिक्री कर 3 लाख 60 हजार रुपये का किया है आय अर्जित**

## कलेक्टर डॉ. मित्तल ने किया निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पीडब्ल्यूडी, नेशनल हाईवे, पीएमजीएसवाई, सीजीएमएससी, आरईएस, एमएमजीएसवाई सहित अन्य निर्माण विभाग के निर्माण कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने सभी निर्माण कार्यों की पूर्ण, अपूर्ण, प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी निर्माण कार्यों को गुणवत्ता पूर्ण तरीके से समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ.मित्तल ने कुनकुरी, तपकरा, लवाकेरा मार्ग, चराईडांड़-बगीचा मार्ग सहित जिले में चल रहे सभी सड़क निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए कार्य में प्रगति लाकर समय अवधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने लंबित टेंडर प्रक्रिया को शीघ्र कार्यवाही कर वर्कआर्डर प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नेशनल हाईवे अंतर्गत बन रहे कुनकुरी पत्थलगांव मार्ग के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएमजीएसवाई, एमएमजीएसवाई अंतर्गत बनाए जा रहे विभिन्न सड़क मार्गों को भी निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के अधिकारी को स्कूलों में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्य को समय अवधि में पूर्ण करने कहा। सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सीजीएमएससी के निर्माण किया जा रहा है कार्य में प्रगति लाने सीजीएमएससी के अधिकारी को निर्देशित किया।



**निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय अवधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए**

## महिला पटवारी से परेशान आम जनता, जनपद अध्यक्ष ने कलेक्टर को लिखा पत्र

**विधायक कमरों ने निलंबन के दिये निर्देश**


जोहार छत्तीसगढ़- एमसीबी।

जिले के खोंगापानी में पदस्थ महिला पटवारी द्वारा आए दिन आवेदकों को परेशान करने और पैसे की मांग करने की शिकायत मिलने पर जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ के अध्यक्ष डॉ विनय शंकर सिंह ने कलेक्टर एमसीबी को पत्र लिखकर उचित कार्यवाही किये जाने की मांग की है। आपको बता दें कि जिले में पटवारियों द्वारा आवेदकों को परेशान किए जाने का मामला ठंडा नहीं पड़ रहा है। आये दिन पटवारी द्वारा आवेदकों को बेवजह परेशान करने और काम करने के एवज में पैसे की मांग की जाती रहती है। ऐसा ही एक मामला एमसीबी जिले के खोंगापानी से भी सामने आ रहा है जिसमें वहां पदस्थ महिला



पटवारी कुमुद पांडे द्वारा आवेदकों को बेवजह परेशान किया जा रहा है। इसकी शिकायत आम जनता द्वारा जब जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ के अध्यक्ष डॉ. विनय शंकर सिंह से की गई तो उन्होंने तत्काल इस संबंध में कलेक्टर एमसीबी नरेंद्र दुग्गा को पत्र लिखकर उचित कार्रवाई की मांग की है। डॉ. विनय शंकर सिंह ने कलेक्टर को लिखे पत्र में लेख किया है की खोंगापानी में पदस्थ पटवारी कुमुद पाण्डेय के विरुद्ध आये दिन शिकायत प्राप्त हो रही है। इनके द्वारा राजस्व संबंधित मामले एवं जाति, निवास,

आय, राशन कार्ड के अलावा अनेक ऐसे कार्य जिनका संबंध में पटवारी से रहता है। ऐसे सभी कार्यों के लिए पटवारी द्वारा पैसों कि माँग की जाती है एवं पैसा न मिलने पर बार.बार हितग्राहियों को ऑफि स के लिए चक्कर लगवाया जाता है एवं बिना पैसा लिये कार्य करती ही नहीं है। मेरे समक्ष कुछ आदिवासी बच्चों द्वारा भी शिकायत कि गई है की उनके स्कूल संबंधित कार्य को करने के लिए भी पैसों की मांग कि गई है। पटवारी के इस कृत्य से छत्तीसगढ़ सरकार की कई महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ आम जनता को नहीं मिल पा रहा है और कांग्रेस सरकार की छवि धूमिल हो रही है। मामले की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय विधायक और सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष गुलाब कमरो ने पटवारी को बुलाकर रेस्ट हाउस में कड़ी फ टकार लगाई है। रेस्ट हाउस में ही डिप्टी कलेक्टर को निलंबन की कार्यवाही करने के लिये निर्देशित किया गया है। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा है की अगर निलंबन की कार्यवाही नहीं की जायेगी तो वे विधानसभा में प्रश्न उठायेंगे।


कार्यालय जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़
जिला-एम.सी.बी. (छत्तीसगढ़)

अध्यक्ष
डॉ. विनय शंकर सिंह
जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़

निवास :
▷ ग्राम पसौरी, पोस्ट-केल्हारी, तह. मनेन्द्रगढ़
▷ ग्राम-चैनपुर तालाब के पास अम्बिकापुर रोड, मनेन्द्रगढ़
Mob- 9754181604, 8319001854
Email-dr.vinayssingh21@gmail.com

दिनांक : 12/7/23

प्रति,
श्रीमान् कलेक्टर महोदय जी,
जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.)

विषयः- खोंगापानी पदस्थ पटवारी के असंवैधानिक कृत्यों के संबंध में शिकायत पत्र बावत्।

महोदय,

निवेदन है कि खोंगापानी में पदस्थ पटवारी कुमुद पाण्डेय के द्वारा आये दिन शिकायत प्राप्त हो रही है कि इनके द्वारा राजस्व संबंधि मामले एवं जाति, निवास, आय, राशन कार्ड के अलावा अनेक ऐसे कार्य जिनका संबंध में पटवारी से रहता है ऐसे सभी कार्यों के लिए पटवारी द्वारा पैसों कि माँग की जाती है एवं पैसा न मिलने पर बार-बार हितग्राहियों को ऑफिस के लिए चक्कर लगवाया जाता है एवं बिना पैसा लिये अन्ततः कार्य करती ही नहीं है। महोदय जी मेरे समक्ष कुछ आदिवासी बच्चों द्वारा भी शिकायत कि गई है, कि उनके स्कूल संबंधित कार्य को करने के लिए भी पैसों की माँग कि गई है।

अतः महोदय जी से निवेदन है कि संबंधित पटवारी के उपर निलंबन कार्यवाही की जाये।

धन्यवाद,

(डॉ. विनय शंकर सिंह)

शिकायत कर्ता गण
पार्षद
पार्षद
Pinty
विजय
पार्षद

## किसान से हुई ठगी आरोपी की गिरफ्तारी करवाने राज्यपाल के द्वार लगाई गुहार- रामलाल

# किसान से ठगी करने वाला ही निकला विजय बघेल अंत व्यवसाय वित्त निगम के सदस्य

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।


जमीन विवाद पर नामांतरण करवा देने के नाम पर विजय बघेल ने किस्तों के रूप में 4 लाख रूपए लेकर के भी काम नहीं करवा पाए। किसान को नामांतरण करवा देने किसान को झूठी आश्वासन देते हुए ठगी करने का आरोप रामलाल साहू ने 7 जनवरी 2022 थाना बेमेतरा में विजय बघेल अंत व्यवसाय वित्त निगम के डायरेक्टर के विरुद्ध में अपराध पंजीबद्ध करवाया जिनका अपराध क्रमांक 072022 के अपराध कायम होने के बावजूद भी आरोपी की गिरफ्तारी करने के बजाय शासन-प्रशासन चुप्पी साधे बैठा हुआ है।

### शिकायत की वापसी के लिए प्रार्थी को कई बार मिल चुकी धमकी

प्रार्थी रामलाल ने बताया कि अपराध पंजीबद्ध करवाने के बाद से लगातार किसान को धमकी देने की बात प्रार्थी रामलाल ने मीडिया के समक्ष अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए अपनी आपबीती बताई। रामलाल ने बताया कि पुलिस प्रशासन जब कोई आम नागरिक बिना हेलमेट के वाहन चलाते पकड़ा जाता है तो तत्काल चालान की कार्यवाही कर देते हैं गांव में छठ्ठी जैसे कार्यक्रम के लिए एक बोतल लेकर शराब दुकान से बाहर देखते ही गिरफ्तार कर पुलिस प्रशासन आबकारी का मामला पंजीबद्ध कर देते हैं किंतु मेरे साथ हुए ठगी का पुलिस जांच उपरांत ही अपराध पंजीबद्ध किया था किन्तु अब गिरफ्तारी करने पुलिस की पेंट गीली क्यों पड़ रही है। यह अन्याय आखिर कब तक दोषियों को शासन-प्रशासन बचाना चाहता है







प्रति,
महामहिम राज्यपाल महोदय जी
-छत्तीसगढ़ राज्य
विषय :- अभियुक्त विजय बघेल सदस्य अंतर्व्यवसाय वित्त निगम छ.ग. शासन निवासी- ग्राम- खपरी, बेमेतरा को अपराध पंजीबद्ध (अप. क्र. 07/2022) होने के 2 माह पश्चात् भी गिरफ्तारी नही किये जाने की शिकायत एवं उचित कार्यवाही करने

### प्रार्थी को गुमराह करते हुए ठग को बचाने का ठेका ले रखा बेमेतरा पुलिस

अपराध पंजीबद्ध के बाद ऐसा क्या जांच कर रही है जो 7 जनवरी 2022 से लगातार चल रहा है। किंतु ठगी विजय बघेल को पुलिस बचाने का ठेका ले रखा है। गौरतलब हो कि यह वही विजय बघेल है जो नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के प्रबल दावेदारी के रूप में विधायक बनने का सपना देख रहे हैं। नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के एक छोटे से गांव खपरी के रहने वाले जिनका पिछला जीवन एक सामान्य व्यक्ति से उठकर छत्तीसगढ़ के किसान हितैषी सरकार कही जाने वाली कांग्रेस सरकार की अंत व्यवसायी वित्त निगम के डायरेक्टर के पद तक क्या मजदूर, किसानों के साथ ठगी कर नवागढ़ विधानसभा चुनाव 2024 के चुनाव में विधायक प्रत्याशी बनने तक का सफ र तय करने क्या पुलिस प्रशासन का भी सह तो नहीं मिल रहा ठग को यह एक बड़ा सवाल उठ रहा है।

### गिरफ्तारी को लेकर राज्यपाल से गुहार की तस्वीर सोशल मीडिया पर जमकर हो रहा वायरल

आखिरकार किसान को राज्य सरकार, गृहमंत्री सहित जिले के पुलिस अधीक्षक से उचित न्याय नहीं दिलवा पाने की वजह से किसान राज्यपाल के दरबार में हाजिरी लगा दी इस दौरान सोशल मीडिया पर पोस्ट कर किसान की उस तस्वीर को लोग अधिक वायरल कर रहे हैं जो राज्यपाल भवन के सामने किसान अपनी लिखित नामजद थाने में अपराध दर्ज करवाने के बावजूद ठगी करने वाले की गिरफ्तारी करवाने पहुंचे किसान की तस्वीर को लोग सोशल मीडिया पर अपलोड कर किसान के पक्ष में समर्थन मांग रहे हैं। किसान हितैषी सरकार कहे जाने वाले की राज्य में किसान के साथ ठगी और आरोपी अंत व्यवसायी वित्त निगम के डायरेक्टर आखिर कब तक न्याय के लिए प्रार्थी को भटकना पड़ेगा। वहीं पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी इस विषय पर हो रही जांच के विषय पर मीडिया के समक्ष बात कोई भी रखने को तैयार नहीं है । क्या राम लाल साहू को न्याय मिल पायेगा या सिर्फ जांच के नाम पर अभियुक्त को बचाने की नियत स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है इस मामले पर हमारे संवाददाता को राम लाल ने बतलाया की सूचना के अधिकार के तहत जांच की प्रमाणित दस्तावेज की मांग की गई थी जहां राम लाल को चाही गई जानकारी संतुष्ट प्रद नहीं मिल पाया।

## एक नजर

### डेयरी पॉलिटेक्निक बेमेतरा में प्रवेश जारी

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

चोरभट्टी स्थित शासकीय डेयरी पॉलिटेक्निक के द्विवर्षीय डेयरी टेक्नोलॉजी कोर्स में सत्र 2023-24 हेतु प्रवेश प्रक्रिया जारी है। छत्तीसगढ़ शासन की ग्रामीण क्षेत्रों के उत्थान के लिये महत्वाकांक्षी योजनाओं गोठानए नरवा, गरुवा, घुरुवा, बाड़ी तथा महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क रीपा आदि के लिये युवाओं को प्रशिक्षण देने और इन योजनाओं में नियोजन के लिये तैयार करने के उद्देश्य से बेमेतरा जिले के चोरभट्टी में डेयरी पॉलिटेक्निक की स्थापना की गई है। यहां संचालित डेयरी टेक्नोलॉजी के द्विवर्षीय डिप्लोमा कार्यक्रम में युवाओं को छत्तीसगढ़ शासन की इन योजनाओं के साथ ही संपूर्ण देश में तेजी से विकसित हो रहे डेयरी उद्योग के लिये पूर्ण रूप से प्रशिक्षित कर नियोजन हेतु तैयार किया जाता है। डेयरी पॉलिटेक्निक के प्रथम बैच के उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों का प्रदेश के दुग्ध संयंत्रों और शासन की इन योजनाओं में नियोजन हो चुका है। युवाओं को डेयरी टेक्नोलॉजी विषय के अंतर्गत, मिल्क पाउडर, आइसक्रीम, श्रीखंड, रबड़ी, घी, खोवा सहित सभी दुग्ध पदार्थों के निर्माण और गुणवत्ता सहित आवश्यक सयंत्र आदिसभी विषयों में गहन प्रशिक्षण हेतु डिप्लोमा कार्यक्रम का पाठ्यक्रम तैयार किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य के एकमात्र संस्थान दुग्ध विज्ञान एवं खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय रायपुर में डेयरी टेक्नोलॉजी विषय में चार वर्षीय डिग्री कोर्स संचालित है लेकिन डेयरी टेक्नोलाजी में प्रशिक्षित जनशक्ति की राज्य में तेजी से बढ़ती मांग की पूर्ति के लिये डेयरी पॉलीटेक्नीक महाविद्यालयों को स्थापित कर द्विवर्षीय डिप्लोमा कार्यक्रम प्रारंभ किये गये है। डेयरी टेक्नोलॉजी के इस डिप्लोमा कार्यक्रम में प्रवेश हेतु गणित विषय के साथ बारहवी परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। डेयरी पॉलिटेक्निक चोरभट्ठी में प्रवेश प्रक्रिया जारी है और गणित विषय के साथ बारहवी परीक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थी व्यक्तिगत रूप से महाविद्यालय से या 9753476310, 8964844803, 7000231858, 9340291259, 9993605574 नंबर पर संपर्क कर सकते है। उल्लेखनीय है कि महाविद्यालय में सर्वसुविधा युक्त छात्रावास भी उपलब्ध है, साथ ही पात्र विद्यार्थियों को शासन द्वारा छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाती है।

### भाजपा 18 जुलाई को किसानों एवं आम नागरिक की समस्या को लेकर करेगी आंदोलन

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ति।

सक्ती भारतीय जनता पार्टी के द्वारा 18 जुलाई दिन मंगलवार को बदहाल स्वास्थ्य सेवाएं,मनमाना बिजली बिल एवं बिजली कटौती और खाद, बीज की कमी को देखते हुए विधानसभा स्तरीय धरना प्रदर्शन आन्दोलन किया जा रहा है। जिसमें मुख्य वक्ता अकलतरा विधायक सौरभ सिंह, जिला संगठन प्रभारी गुरुपाल भल्ला, जिला अध्यक्ष कृष्ण कांत चन्दा, विधानसभा प्रभारी विकास केडिया उपस्थित रहेंगे। आम नागरिकों से अपील है कि अपनी समस्या को लेकर धरना प्रदर्शन में शामिल हो।

### ग्राम छोटे हरदी, दानसरा बेरियर व चंदाई में प्रतिबंधित रहेगी भारी वाहनों की आवाजाही

* कलेक्टर ने नियत समय में आगामी एक वर्ष के लिए प्रतिबंध का आदेश जारी किया

जोहार छत्तीसगढ़- सारंगढ़ बिलाईगढ़।


जिला मुख्यालय के मुख्यमार्गों से लगे विद्यालय एवं महाविद्यालय संचालित हैं। छात्र-छात्राओं एवं आमजनों की सुरक्षा एवं दुर्घटना की आशंका को दृष्टिगत करते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने छत्तीसगढ़ मोटरयान नियम 1994 के नियम 215 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए रायपुर-सारंगढ़ हाईवे के पास ग्राम छोटे हरदी, दानसरा बेरियर एवं सारंगढ़ बिलासपुर मार्ग पर चंदाई गांव के पास सुबह 6:30 बजे से 9 बजे, दोपहर 1 बजे से 3 बजे व शाम 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक उक्त मार्गों पर भारी वाहनों को आगामी एक वर्ष के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। जारी आदेश में उल्लेख किया गया है कि यात्री बसों के लिए उक्त प्रतिबंध लागू नहीं होगा। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

### मुनईकेरा में शाला प्रवेश उत्सव मना

**नगरी** । आदिवासी नगरी विकासखंड के ग्राम मुनईकेरा में प्राथमिक शाला में प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम सरपंच महेन्द्र नेताम, समिति के अध्यक्ष परमेश्वर मंडावी, सदाराम यादव और प्राथमिक शाला के शिक्षकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कक्षा पहली में प्रवेश लेने वाले नये बच्चों को अतिथियों ने गुलाल-पुष्प से स्वागत कर मुँह मीठा करा कापी पुस्तक, गणवेश भेंट कर प्रवेश दिलाया। सरपंच महेन्द्र नेताम ने सभी पालकों से बच्चों को निरंतर शाला भेजने और समिति के पदाधिकारियों से शाला की निरंतर देखरेख करने निवेदन किया।

# सौरभ द्विवेदी संभाली खरसिया थाने की कमान

जोहार छत्तीसगढ़-खरसिया।



खरसिया थाने में थाना प्रभारी के रूप में निरीक्षक सौरभ द्विवेदी ने पदभार संभाल लिया है। नगर निरीक्षक सौरभ द्विवेदी इससे पूर्व कोरिया जिले में पदस्थ थे। नगर निरीक्षक के रूप में अनुभवी अधिकारी की पदस्थापना से अपराध दरों में निश्चित तौर पर कमी आयेगी। नये थाना प्रभारी से उम्मीद जगी है कि वे आम जनता से मधुर संबंध बना कर अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने में सफल होंगे।

गौरतलब है कि पुलिस कप्तान ने कोरिया से आये अनुभवी नगर निरीक्षक सौरभ द्विवेदी को खरसिया थाना की कमान सौंपी है। रायगढ़ जिले में यह उनकी पहली पदस्थापना है। 2013 बैच के सौरभ द्विवेदी ने नारायणपुर और कोरिया जिले में अपनी सेवाएं दी है। थानेदार सौरभ द्विवेदी खरसिया थाना की कमान संभालते हुये मीड़िया से रूबरू हुये तथा क्षेत्र तथा क्षेत्रवासियों के व्यवहार एवं पीड़ितों के कमजोर मनोबल के कारण बढ़ते अपराधों के संबंध में बेबाकी से चर्चा की। मीडिया से चर्चा करते हुये नव पदस्थ नगर निरीक्षक ने कहा की खरसिया मेरे लिये नयी जगह है। यहां आम जनता के सहयोग से उनके साथ मधुर संबंध बना कर पुलिस और कानून के प्रति व्याप्त भ्रम को दूर करना, पुराने लंबित प्रकरणों का निराकरण करने के साथ-साथ वरिष्ठ अधिकारीयों के मार्गदर्शन पर कार्य करते हुये अपराध तथा अपराधियों पर अंकुश लगाकर पूरे क्षेत्र में कानून व्यवस्था और पुलिस के प्रति विश्वास पैदा करना मेरी प्राथमिकता है। साथ ही जुआ, सट्टा, शराबखोरी जैसी सामाजिक बुराईयों को भी बहुत शिद्दत के साथ समाप्त किया जायेगा। नगर की चरमरायी यातायात व्यवस्था और जगह जगह लग रहे जाम के संबंध में उन्होंने कहा कि नगर पालिका से सामंजस्य कर नगर की बदहाल यातायात को सुधारने की कवायद की जायेगी। युवा और उर्जावान अधिकारी की पदस्थापना से क्षेत्रवासियों में उम्मीद जगी है कि नगर की बदहाल यातायात व्यवस्था में सुधार के साथ साथ नगर में बढ़ रहे अपराधों में निश्चित तौर पर कमी आयेगी, अपराधियों के हौंसले पस्त होंगे और क्षेत्र में अमन चैन कायम होगा।

# धर्मांतरण का कुचक्र रोकना होगा-आकाश दुआ

जोहार छत्तीसगढ़-एमसीबी।




मनेंद्रगढ़ शहर से लगे ग्राम भलोर सहित कई ग्राम पंचायतों में चल रहा धर्मांतरण का खेल भोले भाले ग्रामीण लोगों को मौत का भय दिखाकर करा रहे धर्मांतरण मौत से बचने के लिए दे रहे हैं एचर्च जाने की सलाह,पूरे जिले में जारी है धर्मांतरण का बड़ा कुचक्र हिन्दू जागरण मंच के जिला संयोजक आकाश दुआ ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने जीवन से प्रेम है कोई मरना नहीं चाहता और इसी डर का फायदा उठाकर ये तथाकथित प्रचारक दुनिया नष्ट होगी। महामारी भय, फ सल नष्ट, ऐसे असत्य तरीके से प्रचार करते हुये भोले-भाले गांव के लोगों को फं साकर धर्म परिवर्तन के लिए उकसा रहा है यह सब पुरे षड़यंत्र पूर्वक हमारे आदिवासी भाइयों को बरगला कर डरा कर मृत्यु का भय दिखाकर चर्च जाने के लिये प्रोत्साहित कर रहे हैं और उनका धर्म परिवर्तन करवा रहे हैं। बार-बार चर्च आने की सलाह दे रहे और वहां होने वाले उत्सव मे भाग लेने बोल रहे है व साथ ही चर्च मे मिलने वाले रोटी व पेय पदार्थ को ग्रहण करने के लिए प्रेरित कर रहे है। जब हम सबने धर दबोचा तो खुद ही अपने इस प्रचार-प्रसार व उसके तरीके को अपने जुबानी से उस प्रचारक ने बताया जिसके साथ मे दो नाबालिग लड़के भी थे। हमारा उद्देश्य ये नही है कि हम किसी की धार्मिक आस्था को आहत पहंचाये, चुंकि हम वनांचल क्षेत्र में रहते है और वनवासी भाइयो को सबसे ज्यादा टारगेट किया जा रहा है। असत्य एवं भ्रमित प्रचार-प्रसार कर समूचे जिले में धर्मांतरण खुलेआम कराया जा रहा है जिसके पुरजोर तरीके से हम विरोध करते है, आज इसी विषय पर हिन्दू जागरण मंच के सदस्यों के द्वारा एमसीबी जिले के एसपी सिद्धार्थ तिवारी को ज्ञापन सौंपा ताकि जल्द ही कार्यवाही हो, ज्ञापन सौंपने के लिए आकाश दुआ, हिमांशु श्रीवास्तव, रवि सिंह, चंदन सिंह, मनोज केसरवानी व किशन सिंह उपस्थित रहे।

# हाईवे ढाबा संचालक के विरूद्ध सिटी कोतवाली बेमेतरा पुलिस की कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता भापुसे के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा पर लगातार कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 12 जुलाई 2023 को थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा में हाईवे ढाबा संचालक के द्वारा अपने हाईवे ढाबा के सामने एक स्कुटी में अवैध रूप से शराब रख कर बिक्री करने का 01 प्रकरण दर्ज कर 01 आरोपी के विरूद्ध धारा 34 ;1, आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया है। कुल 13 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1040 रूपये एवं बिक्री रकम 400 रूपये, कीमती 1,440 रूपये एवं स्कुटी मोटर सायकल जप्त कर कार्यावाही किया गया हैं।



घटना स्थल हाईवे ढाबा कारेसरा चौक के पास। दिलेश्वर साहू उम्र 26 साल साकिन कारेसरा थाना व जिला बेमेतरा, ज्ञात हो कि विगत 11 जुलाई को थाना सिटी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिन्हा के द्वारा ढाबा संचालको की बैठक लेकर उपस्थित सभी ढाबा संचालको को अपने ढाबा में शराब न पिलाने व अवैध शराब बिक्री नही करने के संबंध में समझाईश दी गई थी। साथ ही ढाबा संचालको को कहा गया था कि यदि किसी भी ढाबा में अवैध शराब बिक्री एवं शराब पिलाने की शिकायत मिलती है तो ढाबा संचालको के उपर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। उक्त बैठक में हाईवे ढाबा संचालक दिलेश्वर साहू भी उपस्थित आया था परंतु इनके द्वारा निर्देशो का अवहेलना कर अवैध शराब बिक्री जारी रखना पाये जाने पर इसके विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवही किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा निरीक्षक अजय कुमार सिन्हा, प्रधान आरक्षक गोपाल ध्रुव, नोहर यादव, आरक्षक रामगोपाल निषाद, धनेश लहरे, रमन चंद्राकर एवं अन्य स्टाफकी सराहनीय भुमिका रही।


# दीपक बैज के पीसीसी चीफ बनने पर कांग्रेसियों में खुशी की लहर

### विक्रम मण्डावी ने कहा बस्तर के सभी 12 सीटें एक बार कांग्रेस पार्टी जीतेगी

जोहार छत्तीसगढ़-बीजापुर।

बुधवार को अखिल भारतिय कांग्रेस कमेटी एआईसीसी नई दिल्ली ने एक आदेश जारी कर चित्रकोट विधान सभा क्षेत्र से दो बार के विधायक एव बस्तर लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद दीपक बैज को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी पीसीसी का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। सांसद दीपक बैज के बतौर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नये अध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर जिला कांग्रेस कमेटी ने हर्ष व्यक्त करते हुए इस नई जिम्मेदारी के लिये जिला कांग्रेस कमेटी बिजापुर ने सांसद दीपक बैज जी को हार्दिक बधाई व शुभकामनाये दी है। शुभकामना संदेश देने वालों में प्रमुख रूप से बीजापुर के विधायक एव बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम मंडावी, जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर के अध्यक्ष लालू राठौर, जिला पंचायत अध्यक्ष




Phone (O) : 011-23019320
011-23019080
E-mail : kcvenugopal.org@gmail.com
kcvenugopal.in@gmail.com
Website : www.inc.in

ALL INDIA CONGRESS COMMITTEE

K.C. VENUGOPAL, M.P.
General Secretary

24, AKBAR ROAD,
NEW DELHI-110 011

12th July 2023

PRESS RELEASE

Hon'ble Congress President has appointed Shri Deepak Baij, MP as President of Chhattisgarh Pradesh Congress Committee, with immediate effect.

The party appreciates the contribution of the outgoing PCC President Shri Mohan Markam, MLA.

(K.C. Venugopal)

व पीसीसी सदस्य शंकर कुडियम, जिला पंचायत सदस्य व पीसीसी सदस्य नीना रावतिया उद्दे, छत्तीसगढ़ कृषक कल्याण परिषद के सदस्य व जिला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम, जिला पंचायत सदस्य सोमारु राम कश्यप, जिला पंचायत सदस्य व पीसीसी सदस्य सरिता चापा, जिला पंचायत सदस्य व पीसीसी सदस्य पार्वती कश्यप, संतकुमारी मंडावी, छत्तीसगढ़ युवा आयोग के सदस्य प्रवीण डोंगरे, छत्तीसगढ़ बीज निगम के सदस्य इम्तियाज खान, पीसीसी सदस्य जयकुमार नायर, पीसीसी सदस्य आर वेणुगोपाल राव, पीसीसी सदस्य ज्योति कुमार साहिल जिले के सभी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने सांसद दीपक बैज को पीसीसी अध्यक्ष की नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने नवनियुक्त अध्यक्ष सांसद दीपक बैज को पीसीसी की नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीपक बैज के प्रदेश अध्यक्ष बनने से कांग्रेस पार्टी को पहले से और अधिक मजबूती मिलेगी। दीपक बैज के नेतृत्व में प्रदेश सहित बस्तर संभाग के सभी 12 सीट एक बार फिर कांग्रेस पार्टी जीतने जा रही है।

# सेवा निवृत्त शिक्षकों का संयुक्त विदाई समारोह संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-एमसीबी।

विदाई समारोह का आयोजन शासकीय स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल गोदरीपारा में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी शैलेंद्र कुमार मिश्रा के संयोजन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम संयोजक मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि विदाई समारोह के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त शास.उ.मा वि.डोमनहिल के प्राचार्य कृपाशंकर तिवारी,शास.उ.मा वि.चित्ताझोर पोंडी के व्याख्याता तेजभान सिंह, शास.पूर्व मा.शाला चिरमिरी की प्रधानपाठक रोजा सेवती बखला रहे। विशिष्ट अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी खड़गवां जितेंद्र कुमार गुप्ता,शासकीय स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल प्राचार्य डॉ.दिनेश कुमार उपाध्याय,सेवानिवृत्त प्राचार्य व प्रधानपाठक क्रमश एस केएस बघेल,चंद्रिका दुबे,कृष्णा चक्रवर्ती,रामप्रसाद सांडिल्य,श्याम किशोर



गुप्ता,जेरमिना एक्का,शास.उ.मा वि.मनेंद्रगढ़ प्राचार्य सतेंद्र सिंह, शास.कन्या उ.मा वि.बड़ा बाजार वेद प्रकाश मिश्रा,शास.उ.मा वि बरदर आशीष नाग,शास,बालक उ.मा वि.बड़ा बाजार बलविंदर सिंह,शास,पूर्व मा.शाला गोदरीपारा प्रधानपाठक अभय चतुर्वेदी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छाया चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर व पुष्प अर्पित कर किया गया।तत्पश्चात मुख्य अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ व गुलदस्ता भेंट कर किया गया। स्वागत की कड़ी में आयोजन संस्था के प्राचार्य डी के उपाध्याय द्वारा वेल्कम सेल्फी व एक एक पौधा भेट देकर विद्यालय परिसर में पौधारोपण मुख्य अतिथियों के करकमलों से किया गया। इसके पश्चात तीनों मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट के साथ सम्मान पत्र का वाचन सतेंद्र सिंह, एमआर अंसारी, सुलोचना वर्मा द्वारा किया गया। उद्बोधन कार्यक्रम में बीईओ जितेंद्र गुप्ता में तीनों सेवानिवृत्त अतिथियों के आगे के जीवन की मंगल कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित किया। वेद प्रकाश मिश्रा, चंद्रिका प्रसाद दुबे, आशीष नाग, बलबिंदर सिंह एवम अन्य उपस्थित शिक्षकों ने तीनों सेवानिवृत्त अतिथियों को बेहतर सेवाकाल के साथ उम्दा व्यक्तित्व का धनी बताते हुए जहां तिवारी को ज्ञानी और समय का पाबंद बताया वही सिंह जी को सौम्य, शांत और बेहतर इंसान बताया वहीं बखला मेडम को बच्चों के प्रति कोमल हृदय बताते हुए शुभकामनाएं प्रेषित किया। उद्बोधन की अंतिम कड़ी में तीनों सेवानिवृत्त मुख्य अतिथियों ने क्रमशः अपने उदगार प्रस्तुत किए। सेवानिवृत्त प्राचार्य के एस तिवारी ने कहा कि जीवन समझौते के साथ नहीं खुल कर जीना बड़ी बात है। उम्र के इस पड़ाव का अपना आनंद है इसका भी भरपूर आनंद मैं लूंगा। अपने जीवन में नौकरी के थकान और चुनौतियों को पीछे छोड़ अपने संस्कृति और धर्म की पुस्तकों




को समय दूंगा। सेवानिवृत्त व्याख्याता टी बी सिंह ने अपने आगे की योजना बताते हुए कहा कि मैं शिक्षा दूत का कार्य करते हुए शिक्षा के प्रचार प्रसार करूंगा।

अपने नौकरी काल में भी मैं यह कार्य करता रहा हूं। सेवानिवृत्त प्रधानपाठक बखला ने भावुक अंदाज में अपने स्कूली जीवन से नौकरी के यादगार और अनुभवों, कठिनाईयों को साझा किया। कार्यक्रम में विकासखंड के मदन लाल सागर, गायत्री चौरसिया, फ ागुन ठाकुर, जे भगत, मंजीत परमार,सत्यवीर शर्मा, दान बहादुर सिंह,संत बहादुर सिंह, मतिल्डा टोप्पो, लोलिना भगत, पुष्पा साइमन,बेबी श्रीवास्तव,कांति मजूमदार, सविता श्रीवास्तव,प्रसन्ना केरकेट्टा, शिवेंद्र त्रिपाठी, आभा मुक्ति बेक,शांतनु कुर्रे,के.प्रफुल्ल रेड्डी व अन्य शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहें। कार्यक्रम का सफ ल संचालन मिन्हाजुल हक अंसारी प्राचार्य शा.उ.मा वि डोमनहिल आभार प्रदर्शन शैलेन्द्र कुमार मिश्रा ने किया।

# क्रशर खदान के बीच अंतिम सांसे गिन रहा एक पीएम आवास,रसूख के आगे फिर नतमस्तक हुआ सिस्टम

जोहार छत्तीसगढ–धरमजयगढ़।

*जरूरत के अनुसार प्राकृतिक संसाधनों के दोहन की पुरानी परंपरा अब भी बरकरार है। ऐसे दोहन किसी विकास कार्य का सीधे या परोक्ष रूप से हिस्सा होते हैं। इसी विकास के नाम पर पहले की सरकार के ऊपर नदीए पर्वत व नालों सहित अन्य प्राकृतिक संपदाओं को लीलने के आरोप लगते रहे हैं।*



अब छत्तीसगढ़ के कांग्रेस की सरकार है जो प्रदेश के सर्वांगीण विकास का दावा करती है लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि रसूखदार ठेकेदारों के आगे सिस्टम अभी भी नतमस्तक है। धरमजयगढ़ क्षेत्र में एक ऐसा ही मामला सामने आया है। जिसमें क्रशर संचालक के लिए आबंटित क्षेत्र की जद में एक किसान का पीएम आवास आ गया है। क्षेत्र में एसके एलएलपी कंपनी द्वारा पत्थर उत्खनन व क्रशर का संचालन किया जा रहा है। करीब एक करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बनने वाले कापू रोड के लिए सेमीपाली में एक क्रशर उद्योग स्थापित किया गया है। संबंधित संचालक ने जिस जमीन को लीज पर लिया है उससे सटे हुए क्षेत्र में एक अन्य किसान की जमीन है। वहां पर भूमि स्वामी लालसाय के नाम पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक मकान बनाया गया है। अब वह आवास क्रशर व पत्थर खदान क्षेत्र के बीच आ गया है और खदान में होने वाले गतिविधियों के कारण जर्जर हालत में पहुंच गया है। बता दें कि कुछ ही समय पहले प्रधानमंत्री आवास योजना, जो केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। में वांछित प्रोग्रेस नहीं होने का हवाला देते हुए छत्तीसगढ़ में करीब 8 लाख पीएम आवास के लक्ष्य को केंद्र सरकार ने वापस ले लिया था। जिसके बाद छत्तीसगढ़ में अलग-अलग इलाकों से पीएम आवास योजना के तहत लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों के बारे में खबरें आने लगी। जिसका मुख्य उद्देश्य यह बताना था कि प्रदेश में केंद्र की इस योजना का क्रियान्वयन ठीक तरह से हो रहा है। इन सबके बीच एक पीएम आवास क्रशर उद्योग क्षेत्र की जकड़ में आ जाता है और पंचायत से लेकर स्थानीय प्रशासन के जिम्मेदार गांधी के तीन बंदर की भूमिका निभाते हुए नजर आते हैं। यह पूरा मामला अनैतिक गठजोड़ का एक और बदतर उदाहरण पेश करता है।

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर





## सर्पदंश एवं महामारी के उपचार एवं नियंत्रण हेतु कार्यशाला का आयोजन करने के निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।

**एन्टी स्नेक वेनम तथा सभी प्रकार की आवश्यक औषधियों का भण्डारण पर्याप्त मात्रा हो संभागीय संयुक्त संचालक अंबिकापुर**

सरगुजा संभाग अंतर्गत वर्षा ऋतु में अधिकतर सर्पदंश के प्रकरण देखने को मिलते हैं तथा महामारी की भी संभावनाएं अधिक हो जाती हैं जिसके सही उपचार एवं नियंत्रण हेतु जिले में सर्पदंश एवं महामारी के उपचार एवं नियंत्रण हेतु कार्यशाला का आयोजन एवं चिकित्सकों एवं चिकित्सकीय स्टाफ को प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु संभागीय संयुक्त संचालक, स्वास्थ्य सेवायें सरगुजा संभाग अंबिकापुर द्वारा जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया है। संभागीय संयुक्त संचालक ने चिकित्सकीय संस्था में एन्टी स्नेक वेनम पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रखने तथा सभी प्रकार की आवश्यक औषधियों का भण्डारण पर्याप्त मात्रा में हो इसका विशेष ध्यान देने के लिए कहा है। उन्होंने सर्पदंश के प्रकरणों में कमी आ सके तथा समय पर सही उपचार हो सके इस हेतु हर क्षेत्र में विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में इससे बचने एवं इसके सही उपचार की जानकारी जन-जन तक जागरूकता अभियान चलाकर पहुंचाने की बात कही है।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का बिरा में किया गया भव्य स्वागत

जोहार छत्तीसगढ़–सक्ती।

जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बिर्रा में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत, गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू का भव्य स्वागत कर पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. चौलेश्वर चंद्राकर अपने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हसौद के प्रसिद्ध पेड़ा से तौलकर स्वागत किया है साथ ही मंच में चढ़कर रुद्राक्ष की माला भेंट कर अतिथि जनो को पहनाया गया। राज्य गमछा के साथ



स्वागत हुआ साथ ही भूपेश बघेल ने अपने हाथों से विधानसभा अध्यक्ष चरण दास महंत, ताम्रध्वज साहू, चन्द्रदेव राय, डॉ. चौलेश्वर चंद्राकर को मिठाई खिलाया गया कई कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को सीएम भूपेश बघेल स्वयं अपने हाथों से मिठाई खिलाकर प्रशन्नता जाहिर किया। आज के बिर्रा स्वागत के अवसर पर चुन्नी लाल साहू, विजय चंद्रा, रोहन साहू, चन्द्रदेव राय, भविष्य चंद्राकर, बिपिन देवांगन् भागीरथी बघेल, कांशी जायसवाल, अनिल चंद्रा, रामकुमार शास्त्री, सरपंच राजकुमार पटेल, किशोर चंद्रा, कमल पटेल, गीताराम साहू, फूलदास महंत, मणिलाल कश्यप, संतोष कश्यप, ओम बर्मन, सतीश महेश, दिलीप कौशिक, राजेश मानिकपुरी सहित हजारो कॉंग्रेस जन शामिल हुए।

## सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस अब क्षेत्रीय पार्टी बनने की ओर अग्रसर-गोमती साय

### सांसद गोमती ने मुख्यमंत्री से पूछा क्यों छोड़ रहे नेता कांग्रेस

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

घोषणा पत्र समिति का संयोजक दुर्ग सांसद विजय बघेल को बनाए जाने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा कांग्रेस छोड़ कर गए व्यक्ति को जवाबदारी दिए जाने का तंज कसने पर सांसद गोमती साय ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से सवाल पूछा है कि आजादी के बाद सबसे बड़ी पार्टी आ क्षेत्रीय पार्टी बनने की ओर अग्रसर कैसे है पहले बघेल जी को इसका चिंतन करना चाहिए। विजय बघेल को संयोजक बनाए जाने पर मुख्यमंत्री ने तंज कसते हुए कहा था कि कांग्रेस छोड़ कर गए विजय बघेल को भाजपा की विचारधारा नहीं मालूम घोषणा पत्र क्या बनाएंगे। सांसद गोमती ने कहा हाल में भूपेश की वादाखिलाफी से परेशान होकर उनकी पार्टी के उप मुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव ने कांग्रेस घोषणा पत्र समिति का संयोजक बनने से इंकार कर दिया उनकी पार्टी में उनकी विचाराधारा के नेता घोषणा पत्र का दायित्व लेने से घबरा रहे हैं। पहले भूपेश बघेल को इसका जवाब देना चाहिए। सांसद ने मीडिया को जानकारी साझा करते हुए बताया पिछले आठ वर्षों में 400 से ज्यादा नेता कांग्रेस का हाथ छोड़ चुके हैं। इनमें 33 बड़े नेताओं का नाम शामिल है। अब



भी पार्टी में असंतुष्ट नेताओं की बड़ी संख्या मौजूद है। बघेल गांधी परिवार की खातिर, कांग्रेस पार्टी कब तक अपने नेताओं की बलि चढ़ाती रहेगी। मोदी जी द्वारा कांग्रेस मुक्त भारत का सपना आपकी पार्टी के नेता ही पूरा कर रहे है। पिछले आठ वर्ष में जिन 33 बड़े नेताओं ने असंतोष और निराशा की वजह से कांग्रेस का हाथ छोड़ा, उसमें हिमंता बिस्वा सरमा, ज्योतिरादित्य सिंधिया, नारायण राणे, कैप्टन अमरिंदर सिंह, चौधरी बीरेंदर सिंह, कुलदीप बिश्नोई, सुनील जाखड़, आरपीएन सिंह, कपिल सिब्बल जैसे नाम शामिल हैं। सभी नेताओ ने इस्तीफे में गांधी परिवार सहित शीर्ष नेतृत्व की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगाया है। कभी कांग्रेस को मजबूत करने वाले नेता आरोप लगा रहे हैं। कि गांधी परिवार न तो उनकी बात सुनता है और न ही उन्हें मिलने का समय देता। देश के कुछ राज्यो में कांग्रेस के मुख्यमंत्री बचे है।आपने छत्तीसगढ़ बनने के बाद प्रदेश को गांधी परिवार का एटीएम बना दिया है इसलिए हिसाब किताब के लिए बतौर मुख्यमंत्री आपको गांधी परिवार से मिलने का समय आसानी से मिल जाता होगा। सांसद गोमती ने सितंबर 2021 के दौरान नेताओं के दल-बदल पर जारी रिपोर्ट के हवाले से बताया कि वर्ष 2014 लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस से जुड़े सबसे ज्यादा नेताओं ने पार्टी छोड़ी है। वर्ष 2014 से सितंबर 2021 तक कांग्रेस के 222 ऐसे नेताओं ने पार्टी को अलविदा कहाए जो चुनावी उम्मीदवार थे। इस दौरान कांग्रेस के 177 सांसद और विधायकों ने भी पार्टी से इस्तीफा दे दिया। रिपोर्ट में इन सात वर्षों में कांग्रेस के 399 नेताओं ने पार्टी छोड़ी। इस रिपोर्ट के बाद भी 16 बड़े नेताए अपने समर्थकों संग कांग्रेस का हाथ झटक चुके हैं। मतलब आठ वर्षों में ये संख्या तकरीबन 450 पहुंच चुकी है। सांसद गोमती साय ने कहा राजकुमारी प्रियंका गांधी के स्वागत हेतु प्रदेश की गड्ढे नुमा सड़को को गुलाब की पंखुड़ियों से रातों रात पाटा गया था कांग्रेस की राजनीति में प्रियंका के सक्रिय होने के बाद तो पार्टी छोड़ने के लिए बाढ़ सी आ गई।

## एक नजर

### नाबालिग बालिका को इंस्टाग्राम के जरिए बहला फुसलाकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार




जोहार छत्तीसगढ़–बालौदाबजार।

थाना लवन क्षेत्र अंतर्गत एक मामले में प्रार्थी ने 04 जुलाई 23 को रिपोर्ट दर्ज कराया की उसकी 16 वर्षीय नाबालिग बहन 4 जुलाई 23 को घर से बिना बताए कहीं चली गई है आस-पड़ोस व रिश्तेदारों में ढूंढने पर कहीं नहीं मिली की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 363 भा द वि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अभिषेक सिंह के मार्गदर्शन में थाना लवन प्रभारी उप निरीक्षक उमेश वर्मा द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़िता की लगातार पतासाजी करते हुए साइबर सेल की मदद से 08 जुलाई 23 को टीम गठित कर उत्तर प्रदेश रवाना किया गया था टीम द्वारा उ.प्र. में आरोपी के घर दबिश देकर पीड़िता को आरोपी मनोज राजपूत के कब्जे से बरामद कर थाना लवन लाया गया पीड़िता से पूछताछ करने पर आरोपी मनोज राजपूत द्वारा इंस्टाग्राम के जरिए उसे बहला फुसलाकर अपनी मां की मदद से अपने पास बुला कर घर अंदर एक कमरे में बंद कर रख कर कई बार शारीरिक संबंध बनाना बताई। विवेचना दौरान धारा 366,376;2, ;द, भादवि, 6 पाक्सो एक्ट जोड़ी गई पूछताछ पर आरोपी द्वारा जुर्म स्वीकार किया गया एवं घटना में प्रयुक्त मोबाइल पेश किया जिसे जप्त किया गया आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर 12 जुलाई 23 को माननीय न्यायालय न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में स उ नि जीवन लाल वर्मा, प्रधान आरक्षक विनोद बांधे, आर. जितेंद्र कुर्रे, महिला आरक्षक सोनम भट्ट का विशेष योगदान रहा।

### मनुष्य के समस्त इच्छाओं को पूरा करती है श्रीमद्भागवत कथा-क्रान्ति कुमार

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

नगर के पंडरीपानी पहाड़ मंदिर के पीछे दुर्गा कृषि फ़ॉर्म अंतर्गत स्व.अक्षय कुमार पांडेय के सुपुत्र सतीश पांडेय डीईओ के निवास में गत 8 जुलाई से श्रीमद्भागवत पुराण कथा का संगीतमय आयोजन चल रहा है। व्यास पीठ पर विद्वान गुरू प्रोफे क्रान्तिकुमार तिवारी विराजमान हैं। बांसुरी की मनमोहक धुन पर भक्ति संगीत में उनका साथ दे रहे हैं अंचल के ख्यातिलब्ध बांसुरी वादक गायक कथाकार पंडित रघुनन्दन प्रसाद तिवारी। प्रकृति के शांत वातावरण में श्रद्धालू भक्त गण भागवत पुराण की कथा श्रवण का विधिवत पूण्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। सप्ताह व्यापी श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन प्रोफे क्रान्तिकुमार तिवारी ने व्यास पीठ से भगवान के बामन अवतार, श्रीराम जन्म,श्रीकृष्ण प्राकट्य एवं नन्द महोत्सव के प्रसंग का सुंदर वर्णन किया। उन्होंने कहा कि गोकुल मे नन्द यशोदा के घर बाल भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की धूम से देवता भी पुष्प वर्षा करने लगे। भगवान शंकर स्वयं योगी के वेश मे उनके दर्शन के लिए उपस्थित हो गए और माता यशोदा से बालक का दर्शन कराने की याचना की। माता यशोदा ने याचक समझकर उन्हें हीरे जवाहरात देने की कोशिश की किन्तु योगी बने भोलेनाथ ने कहा कि इन पत्थर के टुकड़ों का मैं क्या करूंगा। मैं ज्योतिषी हूं,बालक की भाग्य रेखा बताऊंगा।इस तरह भोलेनाथ ने बाल भगवान का दर्शन कर आपस में मुस्कुराए। वहीं भगवान के नामकरण के लिए गुरू शाण्डिल्य ऋषि ने बताया कि आपके इस बालक में श्रीकृष्ण की छबि झलक रही है।आपका यह बालक विश्व के समस्त प्राणियों को परमानन्द मे निमग्न कर देगा।उन्होंने श्रीकृष्ण के अलावा कई तरह के नामकरण किए।

## खदान पार्किंग में खड़े हाईवा वाहन से डीजल चोरी करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़–सूरजपुर।

आरकेटीसी ट्रांसपोर्ट कंपनी के केयरटेकर खडगवां निवासी लाभराज सिंह ने चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 12-13 जुलाई के दरम्यानी रात महान-3 खदान के पार्किंग में खड़ी कंपनी के दो हाईवा वाहन के डीजल टंकी को तोड़कर 100 लीटर डीजल को अज्ञात चोर चोरी कर लिए है। रिपोर्ट पर चौकी खड़गवा पुलिस के द्वारा अज्ञात चोर के विरूद्ध धारा 379 भादसं के तहत मामला पंजीबद्ध किया। मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर आई कल्याण एलिसेला ने अज्ञात चोर की गंभीरतापूर्वक पतासाजी कर जल्द पकड़ने के निर्देश चौकी प्रभारी को दिए। चौकी खड़गवां की पुलिस चोर की पतासाजी में लगी थी इसी दौरान जगरनाथपुर मेन रोड़ में 2 व्यक्ति एक मोटर सायकल में तीन डब्बा जरकीन बांधकर ले जाते हुए दिखे जिन्हें




घेराबंदी कर पकड़ा गया। बारीकी से पूछताछ पर धर्मपाल सांडिल्य ने बताया कि अपने साथी रामलाल सिंह के साथ मिलकर महान-3 खदान के वाहन पार्किंग स्थल पर खड़े वाहनों से डीजल चोरी की योजना बनाकर 2 हाईवा वाहन के डीजल टंकी को तोड़कर डीजल चोरी करना स्वीकार किए। आरोपियों के निशानदेही पर 70 लीटर डीजल कीमत करीब 6790 रूपये तथा परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त कर आरोपी धर्मपाल सांडिल्य पिता जगरनाथ उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम मरकाडांड, थाना राजपुर व रामलाल सिंह पिता रामरतन उम्र 22 वर्ष निवासी मरकाडांड को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी खड़गवां विमलेश सिंह, एएसआई कृष्ण सिंह, प्रधान आरक्षक संजय सिंह यादव, आरक्षक कृष्णकांत पाण्डेय, राकेश सिदार व उमेश राजवाड़े सक्रिय रहे।

## 45000 से अधिक संविदा कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को दिया इस्तीफा

### नियमतिकरण नहीं किये जाने एवं एस्मा से क्रोधित संविदा कर्मचारी

जोहार छत्तीसगढ़–सूरजपुर।

छ.ग.सर्व संविदा कर्मचारी महासंघ के आव्हान पर संविदा कर्मचारियों द्वारा अपनी एक सूत्री मांग नियमितीकरण को लेकर 03 जुलाई 2023 से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर है। आज 45000 से अधिक संविदा कर्मचारियों ने आंदोलन के 11 वे दिन में 33 जिले के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सामूहिक त्यागपत्र सौंप दिया है। आपको बता दे कि राज्य सरकार के द्वारा हड़ताली स्वास्थ्य कर्मचारियों पर एस्मा लगाने से क्रोधित कर्मचारियों ने यह कदम उठाकर छत्तीसगढ़ के इतिहास में काला दिन लिख दिया है। ऐसा हम इसलिए कह रहे है चुंकि यह पहला मामला होगा कि किसी भी कर्मचारी संगठन ने इससे पहले



इतना बड़ा कदम उठाया हो। छत्तीसगढ़ सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ के प्रांत अध्यक्ष कौशलेन्द्र तिवारी एवं जिला कार्यकारी अध्यक्ष बृजलाल पटेल ने बताया कि संविदा कर्मचारियों को नियमितीकरण नही करने एवं कर्मचारियों पर एस्मा कानून लगाये जाने पर महासंघ घोर निंदा करता है और इसे तत्काल निरस्त नहीं करने के कारण सामूहिक इस्तीफा का कदम उठाया गया। कांग्रेस सरकार ने अपने जन घोषणा पत्र में यह वादा किया गया था। कि समस्त संविदा कर्मचारियों की नियमितीकरण एवं किसी भी संविदा कर्मचारी की छटनी नहीं की जाएगी यह वादा की थी किंतु इसके विपरीत कड़ा दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है। हमारी एक सूत्रीय मांग चुनावी जन घोषणा पत्र को आत्मसात करते हुए समस्त संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण किया जावे। महासंघ के जिला प्रवक्ता तोपान सिंह दायमा एवं मनोज जायसवाल ने कहा कि सरकार की कथनी और करनी से हमे फर्क नही पड़ता यह कर्मचारी जगत के लिए संवेदनहीनता की पराकाष्ठा वाला आदेश है हम समस्त कर्मचारी जगत से इसका विरोध में सड़क की लड़ाई लड़ने के लिए अपील करते हैं। यह आंदोलन बिना लक्ष्य पूर्ति के समाप्त नहीं होने वाला है।

### संविदा कर्मचारियों ने राज्यपाल के नाम इच्छा मृत्यु हेतु कलेक्टर को सौंपेंगे ज्ञापन

*छत्तीसगढ़ सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ के जिला संयोजक ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि ष्कांग्रेस सरकार द्वारा अपने घोषणा पत्र में यह वादा किया गया था कि हमारी सरकार बनते ही 10 दिन में सभी संविदा कर्मचारियों को नियमित कर दिया जाएगा। सत्ता में आने के बाद अब साढ़े 4 साल बीत जाने के बाद भी संविदा कर्मचारी को नियमित नहीं किया गया है जिसे लेकर सभी संविदा कर्मचारियों ने राज्यपाल से इच्छा मृत्यु का ज्ञापन 14 जुलाई को कलेक्टर को सौंपा जाएगा।*




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक **-नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in